twitter.com/divyadelhi | facebook.com/divyadelhi | infodivyadelhi@gmail.com | Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

# DD दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | रविवार, 01 जून, 2025 | वर्षः 12, अंकः 202, पृष्ठः 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

# ''सिंदूर शक्ति'' को नमनः पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने इंदौर में मेट्रो का शुभारंभ, दतिया व सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण किया

**भोपाल/इंदौर**
भोपाल में पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में देवी अहिल्याबाई के आदर्शों पर आधारित नारीशक्ति को सम्मानित किया। महिला मंत्री, कलाकार, पायलट, सुरक्षाकर्मी और आम महिलाएं मंच पर रहीं। इंदौर मेट्रो, सिक्का और डाक टिकट सहित अनेक योजनाएं महिलाओं को समर्पित रहीं। समारोह में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सबसे पहले बात करें तो पीएम मोदी का भाषण महिलाओं पर केंद्रित रहा। देवी अहिल्या के रीति-नीति बताते हुए मोदी ने देश की सुरक्षा से लेकर हर क्षेत्र में बेटियों के आगे बढ़ने की बात कही। महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों पर हमले पर श्रेय भी नारीशक्ति से जोड़ा गया। पीएम मोदी ने देवी अहिल्या के शासन की तर्ज पर वर्तमान सरकार के कामकाज की बात कही। उन्होंने देवी अहिल्या की कुरीतियों से लड़ने, किसानों के हित, गरीबों-वंचितों के लिए योजनाएं बनाने की बात को प्राथमिकता से उठाया। पीएम मोदी ने कहा कि देवी ने सरकार चलाने के लिए यानी गवर्नेंस का ऐसा मॉडल बनाया जिसमें गरीबों-वंचितों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कुटीर उद्योग और हस्त कला को प्रोत्साहित किया।

**गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनेः मोदी**



### 'देवी अहिल्या ने 250 साल से पहले हमें जल संरक्षण का काम बताया'

पीएम ने कहा कि देवी अहिल्या ने 250 साल से पहले हमें जल संरक्षण का काम बताया था। हम अब कह रहे है कि बारिश की एक-एक बूंद को बचाएं। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कपास की खेती को महत्व दिया था। वो कृषि डायर्वसिटी की बात करती थीं।

**मंच पर महिला मंत्री**
पीएम मोदी के मंच पर भी अपेक्षाकृत ज्यादा महिलाओं को जगह दी गई। मंच पर पीएम मोदी के साथ सात नारी शक्तियों को मिली जगह। इसमें पांच राज्य मंत्री संपतिया उइके, निर्मला भूरिया, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह और कृष्णा गौर थी।

### बैंक सखियां बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत कर रहीः पीएम

पीएम ने कहा कि आज बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बन रही हैं। गांव-गांव में बैंक सखियां बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। एक समय था, जब महिलाओं को नई तकनीक से दूर रखा जाता था लेकिन आज गांव की बहनें ड्रोन दीदी बनकर खेती में मदद कर रही हैं। गांव में उनकी अलग पहचान बन रही हैं। पहले महिलाएं अपनी बीमारियां छिपाती



थीं, क्योंकि परिवार पर इलाज का बोझ न पड़े लेकिन अब महिलाएं आयुष्मान योजना में पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज करा सकती हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी सरकार में पहली बार पूर्णकालिक महिला रक्षा और वित्त मंत्री बनीं। इस बार 75 सांसद महिलाएं हैं, पंचायतों में भी महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ रही है। सरकार के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पीछे भी यही भावना है। अब संसद और विधानसभाओं में भी महिला आरक्षण दे दिया गया है। भारत सरकार बहनों को हर क्षेत्र में सशक्त कर रही है।

हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है। "नागरिक देवो भवः" वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। प्रधानमंत्री शनिवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का मानना था कि "जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य है", उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं-बहन-बेटियां हैं।

### देवी अहिल्याबाई नाम सुनकर श्रद्धा का भाव आता हैः मोदी



प्रधानमंत्री ने मां भारती और मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि महासम्मेलन में बड़ी संख्या में आईं माताओं-बहनों के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया हूं। देवी अहिल्याबाई नाम सुनकर मन में श्रद्धा का भाव आता है। उनके संकल्पों से सीख मिलती है कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हो इच्छाशक्ति से उन्हें पूर्ण किया जा सकता है। आज से 250-300 साल पहले जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था, तब उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण किया। वे हमेशा शिवलिंग साथ लेकर चलती थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में राज्य का कार्यभार संभाला और राज्य को समृद्धि दी। अहिल्याबाई भारत की विरासत की संरक्षक थीं। जब देशभर में हमारे मंदिरों, तीर्थ स्थलों पर हमले हो रहे थे तो उन्होंने इन्हें संरक्षित करने का कार्य किया।

उन्होंने काशी विश्वनाथ समेत अनेक मंदिरों का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि काशी ने उन्हें भी सेवा का अवसर दिया है। काशी में देवी अहिल्याबाई की मूर्ति भी देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने विकास का ऐसा मॉडल अपनाया, जिसमें गरीबों-वंचितों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने उद्योग, खेती और जल संरक्षण को बढ़ावा दिया। वर्तमान में कैच द रेन के माध्यम से बारिश की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने 250-300 साल पहले हमें जल संरक्षण का रास्ता दिखाया था। देवी अहिल्या ने महेश्वरी साड़ी के लिए नए उद्योग लगाए।

### मान सरकार की 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' मुहिम पूरी तरह विफल : चुघ

**नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की पीआर राजनीति ने पंजाब की 'युद्ध नशेयाँ विरुद्ध' मुहिम को भी दिखावटी तमाशा बना दिया। चुघ ने शनिवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि इसी अभियान के दौरान पंजाब के इतिहास की सबसे भयावह जहरीली शराब त्रासदी घटी, जिसने साफ तौर पर उजागर कर दिया कि भगवंत मान की सरकार शराब माफियाओं के साथ गठजोड़ में है। चुघ ने कहा, आज 31 मई, 2025 है- वही तारीख जिसे आप सरकार ने पंजाब को नशा-मुक्त बनाने की अंतिम समयसीमा घोषित की थी। क्या सच में नशे के खिलाफ युद्ध जीत लिया गया या यह भी उनके बाकी ड्रामों की तरह चुपचाप खत्म हो गया? अरविंद केजरीवाल को ब्रांडेड जमानती नेताह्व करार देते हुए चुघ ने कहा कि यह पूरा अभियान सिर्फ एक राजनीतिक मार्केटिंग स्टंट था, जिसका मकसद सिर्फ दिखावा था, न कि परिणाम। हेल्पलाइन नंबर लॉन्च हुए, यात्राएं निकाली गईं, प्रेस कॉन्फ्रेंसें हुईं – लेकिन असली सवाल जस का तस है कि क्या पंजाब से नशा तस्करी खत्म हुई या फिर सिर्फ मीडिया की सुर्खियों के लिए इसे छिपा दिया गया?

### कम मूल्य के नोटों और डिजिटल लेनदेन को प्राथमिकता दे रही सरकार : सीतारमण

**नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार की प्राथमिकता कम मूल्य के नोटों और डिजिटल लेनदेन को प्राथमिकता देना है। सरकार का प्रयास है कि कम मूल्य वाले नोट अधिक प्रचलन में रहें, क्योंकि 2000 रुपये के नोट लगभग पूरी तरह से प्रचलन से बाहर हो चुके हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल?ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर आयोजित राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। सीतारमण ने कहा कि हमें और अधिक डिजिटल जागरूकता पैदा करने की जरूरत है, ताकि लोग डिजिटल हस्तांतरण के लाभ को देख सकें।



दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर शनिवार को दिल्ली भाजपा की ओर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में काम करने वाली सरकार के सौ दिन सेवा के कार्यक्रम का आयोजन किया।

### फिर बढ़ने लगा कोरोना का कहर, रहे सावधान

**नई दिल्ली**
दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गंभीर रूप से बीमार इसकी चपेट में आकर दम तोड़ना शुरू कर दिया है। बीते दो दिनों में दिल्ली में दो मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। वहीं इस साल कोरोना से दम तोड़ने वाले मरीजों की संख्या तीन हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि कोरोना का नया वेरिएंट हल्का है, लेकिन गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए यह काफी खतरनाक है।

**पहले बीमार थे दोनों मृतक**
दिल्ली में शनिवार को 71 वर्षीय पुरुष की मौत कोरोना से हुई। मरीज पहले से निमोनिया से



पीड़ित था। मरीज की मौत के पीछे सेप्टिक शॉक के साथ तीव्र किडनी क्षति भी बताया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को कोरोना के नए वैरिएंट से एक 60 साल की महिला ने दम तोड़ा। बताया जा रहा है कि महिला की मौत से पहले उसे उल्टी के साथ ही पेट में काफी दर्द की शिकायत हुई थी। बढ़ती समस्या को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच के दौरान उसकी कोविड की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। बताया जा रहा है कि महिला को पहले से आंतों की भी समस्या थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार दिल्ली में कोरोना के 375 एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटों में दिल्ली में 81 नए मामले सामने आए। दिल्ली में एक जनवरी 2025 से अभी तक 266 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। बीते 24 घंटों में अस्पताल से 52 मरीजों को छुट्टी दी गई। दिल्ली में एक जनवरी 2025 से अभी तक तीन मरीज कोरोना के कारण दम तोड़ चुके हैं। बीते 24 घंटों में एक मरीज ने कोरोना के कारण दम तोड़ा।

### बार और बेंच को मिलकर करना होगा कामः सीजेआई गवई



**प्रयागराज**
देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। कहा कि सरकार ने और उच्च न्यायालय ने सिर्फ जजेज और वकीलों का ही नहीं, बल्कि जो वादकारी हैं उनका भी ध्यान रखा है। हमें बताया गया है कि नवनिर्मित भवन के पास का जो भूखंड है वहां पर भी एक बड़ा निर्माण होगा, वहां जो वादकारी आते हैं उनके लिए भी बड़ी सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें विकलांग, महिलाओं समेत सभी के लिए खास सुविधा होगी। यह सब बातें दिखाती है कि हम सिर्फ वकीलों या न्यायमूर्तियों के लिए नहीं, बल्कि देश के नागरिकों के लिए भी कार्य करते हैं, जो न्यायपालिका में न्याय की आस में आता है।

जस्टिस गवई ने कहा कि इस अवसर पर खासकर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों का भी जिक्र करना चाहता हूं जिन्होंने इस इमारत के लिए अपने बंगले का बलिदान किया। बार और बेंच के बीच यह अनूठी मिसाल है। जब तक बार और बेंच साथ में काम नहीं करते तब तक न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया।

कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन होना हमारे लिए गौरव की बात है।

**सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए हुए बड़े काम**
मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट संविधान सभा के सामने रखा था तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था।

### केंद्र सरकार ने घटाई रक्षा खरीद की समयसीमा

**नई दिल्ली**
रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा खरीद की समयसीमा को काफी कम किया है, जिससे सैन्य उपकरणों की खरीद में अच्छा खासा समय बचेगा। रक्षा सचिव ने बताया कि रक्षा खरीद में व्यापक सुधारों और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से ये सुधार किए गए हैं। राजधानी दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन में बोलते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि इस पूरे सुधार से रक्षा खरीद की प्रक्रिया में 69 सप्ताह का समय बचेगा।



**रक्षा खरीद प्रक्रिया में हुए अहम बदलाव**
रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 में बदलाव किए जा रहे हैं। जिनके मुताबिक पारंपरिक नामांकन-आधारित लागत-प्लस खरीद से प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। पोत निर्माण और एएमसीए प्रोजेक्ट में पहले ही ये बदलाव कर दिए गए हैं। राजेश कुमार सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सीआईआई बिजनेस समिट में रक्षा परियोजनाओं में देरी, अवास्तविक समयसीमा निर्धारण और व्यवस्थागत मुद्दों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस देरी से सेना की परिचालन तत्परता पर पड़ने वाले असर पर गंभीर चिंता जाहिर की थी। सिंह ने भारत की रणनीतिक स्वयात्ता को बनाए रखने की जरूरत और विकसित भारत के विजन को हासिल करने के लिए आत्मनिर्भरता की भूमिका पर बल दिया। वायुसेना प्रमुख ने निजी उद्योगों से घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए

### सिंधु जल संधि पर भारत ने फिर पाक को दिखाया आईना

**नई दिल्ली**
भारत ने कहा है कि पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के उल्लंघन के लिए उसे दोषी ठहराना बंद कर देना चाहिए क्योंकि उसकी धरती से लगातार जारी सीमा पार आतंकवाद संधि के कार्यान्वयन में बाधा डाल रहा है। तजाकिस्तान के दुशांबे में ग्लेशियरों पर पहले संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद के माध्यम से संधि का उल्लंघन कर रहा है। विकसित देशों को ग्लेशियरों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए सिंह ने कहा कि वैश्विक उत्सर्जन में सबसे अधिक योगदान देने वाले देशों को उन्हें बचाने के लिए तत्काल और मजबूत उत्सर्जन कटौती का नेतृत्व करना चाहिए। कहा कि ग्लेशियर हर जगह पीछे हट रहे हैं। भारत का व्यापक हिमालयी क्षेत्र इन प्रभावों को पहली बार अनुभव कर रहा है।

### बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देने का लें संकल्पः नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें लोकमाता अहिल्याबाई के पदचिन्हों पर चलना होगा और उनकी तरह न्याय देना होगा, विकास करना होगा और संस्कृति को सहेजना होगा। आज अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम समाज की सेवा करेंगे और बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देंगे। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र के पिपली स्थित अनाज मंडी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पाल गडरिया



समाज की ओर से मुख्यमंत्री को पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर दो एकड़ भूमि पर एक म्यूज़ियम का निर्माण कराया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर प्रेरित हो सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पाल गडरिया समाज की सहमति से किसी एक गांव या शहर में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने पाल गडरिया समाज धर्मशाला कुरुक्षेत्र को अपने स्वैच्छिक कोष से 31 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कैबिनेट कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, रणबीर गंगावा, श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल और राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की ओर से भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

**संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है सरकार**
संत-महात्मा, गुरु और महापुरुष न केवल हमारी अमूल्य धरोहर हैं, बल्कि हमारी प्रेरणा भी हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा 'संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' के तहत संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस समारोह का आयोजन भी इस योजना के तहत किया गया है।

**अहिल्याबाई होलकर केवल एक शासक नहीं, बल्कि 'नारी शक्ति' की जीती-जागती मिसाल थी**
उन्होंने कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई जी का जन्म 31 मई, 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ। उस युग में जब महिलाओं को शासन, शिक्षा और स्वतंत्रता से वंचित किया जाता था, तब अहिल्याबाई जी ने समाज की जंजीरों को तोड़ा और नारी शक्ति का एक दिव्य उदाहरण बनकर उभरी।

# भारत में कोविड के मामले बढ़े, सरकार ने कहा- स्थिति पर नजर रखी जा रही है

**शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा अपडेट के अनुसार 511 नए मामले दर्ज किए गए।**

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है। देश में कोविड के मामले बढ़कर 2,170 हो गए हैं। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा अपडेट के अनुसार 511 नए मामले दर्ज किए गए। इस बीच, पिछले 24 घंटों में 255 मरीज को अस्पताल से छुट्टी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2025 से अब तक विभिन्न राज्यों में मौतों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। 1,147 मामलों के साथ केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, इसके बाद महाराष्ट्र (424), दिल्ली (294) और गुजरात (223) का स्थान है।

सबसे अधिक मौतें महाराष्ट्र (7) में हुई हैं, उसके बाद केरल (5) और दिल्ली (2) का स्थान है।

1 जनवरी से अब तक ठीक हुए मामलों की कुल संख्या 1,170 है। केरल (72), दिल्ली (77) और महाराष्ट्र (34) में इस दिन सबसे ज्यादा मरीज ठीक हुए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित भारतीय एसएआरएस-



सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एनबी 1.8.1 और एलएफ .7 - देश में जेएन.1 कोविड वैरिएंट पाए गए। इन वेरिएंट के कारण कोरोना का मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दोनों वेरिएंट को चिंताजनक नहीं बताया है। इन प्रकारों से जुड़े सामान्य लक्षणों में बुखार, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द, थकान और थकावट शामिल हैं। यद्यपि इन वेरिएंट में प्रतिरक्षा को चकमा देने की क्षमता हो सकती है, तथापि वर्तमान में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह बताए कि वे दीर्घकालिक गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं।हाल ही में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने देश को आश्वस्त किया कि चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि संक्रमण गंभीर नहीं है।बहल ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार सक्रिय रूप से मामलों की निगरानी कर रही है। साथ ही, उन्होंने मामलों में वृद्धि की स्थिति में सतर्कता बढ़ाने और तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी के सभी अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन, दवाओं और टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

## भाजपा ने लुधियाना पश्चिम विस उपचुनाव के लिए जीवन गुप्ता को बनाया उम्मीदवार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जीवन गुप्ता को उम्मीदवार घोषित किया है। मतदान 19 जून को होगा और मतगणना तथा परिणामों की घोषणा 23 जून को होगी।उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी (आआपा) के हलका लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। जिसके बाद सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर आआपा के संजीव अरोड़ा, कांग्रेस के भारत भूषण आशु, शिअद के परउपकार सिंह घुम्मण एवं भाजपा के जीवन गुप्ता के बीच दिलचस्प मुकाबला होगा।

## बांग्लादेश जाएगा पश्चिम बंगाल भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही बांग्लादेश जाएगा। यह दौरा उस हालिया घटना के संदर्भ में किया जा रहा है जिसमें बांग्लादेश के यशोर जिले के एक गांव में हिंदू मतुआ समुदाय पर कथित रूप से हमला, लूटपाट और आगजनी की गई। इस संवेदनशील स्थिति का जायजा लेने और पीड़ितों के हालात समझने के लिए भाजपा ने यह निर्णय लिया है।भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम कोलकाता में संवाददाताओं को बताया कि पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश के डहमर्सियाहाटी गांव में अल्पसंख्यक हिंदू मतुआ समुदाय पर हमलों की पड़ताल के लिए मौके पर जाकर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बनगांव दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक स्वप्न मजूमदार करेंगे। प्रतिनिधिमंडल पेट्रोपोल-बेनापोल सीमा के रास्ते स्थल मार्ग से बांग्लादेश प्रवेश करेगा और यशोर जिले के प्रभावित क्षेत्रों में जाकर स्थानीय लोगों से बातचीत करेगा। जमीनी हालात का जायजा लेकर प्रतिनिधिमंडल पूरी स्थिति की रिपोर्ट पार्टी और संबंधी संस्थाओं को देगा।

## कर्नाटक में बरसात के दौरान घर ढहा, दो की मौत, दो को बचा लिया गया, रेल लाइन में पेड़ गिरने से परिचालन प्रभावित

**बेंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक का कुछ हिस्सा इस समय तेज बरसात और भूस्खलन की चपेट में है। इस दौरान पेड़ भी गिर रहे है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। इस बीच दक्षिण कन्नड़ जिले में भूस्खलन के कारण मकान ढहने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने अग्निशमन विभाग, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त बचाव अभियान चलाया। बचाव अभियान के दौरान दो लोगों को बचा लिया गया। एनडीआरएफ ने एक्स पोस्ट पर कहा कि एक महिला और एक छोटे लड़के को सफलतापूर्वक बचा लिया गया और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, मलबे से निकाले गए दो अन्य लोगों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। एनडीआरएफ ने कहा कि क्षेत्र में भारी बारिश के बाद यह हादसा हुआ। इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर सरकार ने आपातकालीन तैयारियों का दायरा बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पिछले 125 वर्ष में पहली बार राज्य में मई महीने में सबसे अधिक वर्षा हुई गई है। उन्होंने बताया कि 28 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। सिद्धारमैया ने सभी जिलों के उपायुक्तों और जिला पंचायतों के सीईओ के साथ समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बारिश प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर तुरंत मुआवजे का एलान करें। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने लोगों को आश्वासन दिया कि ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भी संवेदनशील है।राजधानी के संवेदनशील और बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है।



## मैं अपना सबकुछ ईश्वर पर छोड़ चुकी हूं - ममता कुलकर्णी

**मुंबई ।** अभिनेत्री ममता कुलकर्णी जल्द ही श्री कल्किधाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। अभिनेत्री ने समाचार एजेंसी से बात की। उनका मानना है कि ईश्वर हर किसी को एक प्रयोजन के साथ धरती पर भेजते हैं। उन्होंने कहा, जगत जननी ने मुझे पुण्य कर्मों के लिए भेजा है। ममता कुलकर्णी ने बताया, मेरा मानना है कि ईश्वर हम लोगों को एक खास प्रयोजन के साथ दुनिया में भेजते हैं और मेरा जन्म भी खास प्रयोजन या इसी तरह के पुण्य कर्मों के लिए हुआ है। कल्कि धाम जाने के लिए उत्साहित ममता कुलकर्णी ने कहा कि जगत जननी ने मुझे इसी काम के लिए भेजा है। वे पहले महाकुंभ में स्नान करने गई थीं। लेकिन, वे वहां से महामंडलेश्वर बनकर लौटीं। अभिनेत्री ने कहा, मैं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में स्नान करने गई थी। लेकिन, वहां से महामंडलेश्वर बनकर लौटी। यह समझना मुश्किल है कि भगवान किस उद्देश्य से और कहां जाने का आदेश देते हैं। मैं इसे भगवान की इच्छा पर छोड़ देती हूं, यह विश्वास रखते हुए कि श्री कल्किधाम की यात्रा और शिला दान का कार्य भी भगवती की इच्छा या किसी विशेष प्रयोजन से प्रेरित है। यह आध्यात्मिकता और भगवान के प्रति समर्पण को दिखाता है।

# 'सिंदूर' भारत के शौर्य का प्रतीक : मोदी

## हमें भी समाज और देश की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए : पीएम मोदी

एजेंसी

**भोपाल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है, रामभक्त हनुमान भी सिंदूर का ही धारण करते हैं। यह हमारे शौर्य का प्रतीक है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम के हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, ÷पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीय खून नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की। आतंकवादियों ने भारत की नारी की शक्ति को चुनौती दी है, यही चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है, हमारी सेना ने आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी मिला दिया, सैकड़ों किलोमीटर दूर घुसकर मिट्टी मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवाद के जरिए छद्म युद्ध, प्रॉक्सी वार नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंक की मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पीएम मोदी ने आगे कहा, देश के 140 करोड़ लोग कह रहे हैं कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो गोला से जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के समर्थन का प्रतीक रहा है। भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है, रामभक्ति के रंग में रंगे हनुमान जी भी सिंदूर को ही धारण किए हुए हैं। शक्ति पूजा में हम सिंदूर का अर्पण करते हैं



**देवी अहिल्याबाई का नाम सुनकर ही मन में उमड़ पड़ता है श्रद्धा का भाव, लोकमाता ने महिलाओं और गरीबों को बनाया सशक्त : प्रधानमंत्री**

और यही सिंदूर अब भारत के शौर्य का प्रतीक बना है। देवी अहिल्या बाई का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये मेरा सौभाग्य है कि जिस काशी में लोकमाता अहिल्याबाई ने विकास के इतने काम किए, उस काशी ने मुझे भी सेवा का अवसर दिया है। आज अगर आप काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन करने जाएंगे, तो वहां आपको देवी अहिल्याबाई की मूर्ति भी मिलेगी। देवी अहिल्याबाई भारत की विरासत की बहुत बड़ी संरक्षक थीं। जब देश की संस्कृति पर, हमारे मंदिरों, हमारे तीर्थ स्थलों पर हमले हो रहे थे, तब लोकमाता ने उन्हें संरक्षित करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने काशी विश्वनाथ सहित पूरे देश में हमारे अनेकों मंदिरों का, हमारे तीर्थों का पुनर्निर्माण किया। अहिल्या बाई के कार्यों को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का नाम सुनते ही मन में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ता है। उनके महान व्यक्तित्व के बारे में बोलने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। देवी अहिल्याबाई प्रतीक हैं कि जब इच्छाशक्ति होती है, दृढ़ प्रतिज्ञा होती है, तो परिस्थितियां कितनी ही विपरीत क्यों न हों, परिणाम लाकर दिखाया जा सकता है। 250-300 साल पहले जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, उस समय ऐसे महान कार्य कर जाना कि आने वाली अनेक पीढ़ियां उसकी चर्चा करें, ये कहना तो आसान है, करना आसान नहीं था।

## नड्डा के जयपुर पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत

एजेंसी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा अपनी राजस्थान यात्रा के तहत शनिवार दोपहर राजधानी जयपुर पहुंचे जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उनके मंत्रिमंडल के कई साथ और पार्टी के कई नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। श्री शर्मा एवं भाजपा के अन्य नेताओं द्वारा श्री नड्डा का हवाई अड्डे पर भारी भरकम माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पार्टी प्रदेश प्रभारी डा राधा मोहन अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री डा प्रेम चंद बैरवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सी पी जोशी सहित पार्टी अन्य कई नेता मौजूद थे।श्री नड्डा जयपुर में आज कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिनमें वह एमएनआईटी में विवेकानंद लैक्चर थियेटर कॉम्पलैक्स में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं वृक्षारोपण करेंगे। इसके बाद राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अहिल्याबाई होलकर जयंती पर राजकीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इसके बाद वह जवाहर सर्किल से खुली जीप में एंटरटेनमेंट पेराडाइज पहुंचेंगे। इस मौके श्री शर्मा उनके साथ मौजूद रहेंगे। रास्ते में



मानव श्रृंखला बनाकर हाथो में तिरंगा लेकर उनका स्वागत किया जायेगा। श्री नड्डा एंटरटेनमेंट पेराडाइज में अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वह शाम 6.20 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचेंगे जहां चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक होगी।

## भारत ने हमेशा पाकिस्तान के साथ समस्याओं को सुलझाने की पहल की : जावेद अख्तर

**मुझे नहीं लगता कि निकट भविष्य में राजनीतिक रूप से स्थिति बेहतर होगी।'**

एजेंसी

**मुंबई ।** पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने कहा कि भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने की पहल की। लेकिन, पड़ोसी देश ने ऐसा कभी नहीं किया।जावेद अख्तर अपनी पत्नी शबाना आजमी के साथ मुंबई के अंधेरी पश्चिम इलाके में आयोजित एक पुस्तक विमोचन समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने यह बात कही। कार्यक्रम में पहुंचे जावेद अख्तर ने कहा, भारत ने हमेशा पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए हैं। हमने पाकिस्तान और उसके कलाकारों के साथ सांस्कृतिक चैनल खोले। लेकिन, आप एक हाथ से



ताली नहीं बजा सकते, पाकिस्तान ने कभी भी बेहतर रिश्ते बनाने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर को लेकर भारत कभी भी आक्रामक नहीं रहा। लेकिन, पाकिस्तान ने हमेशा आक्रामकता दिखाई।

उन्होंने कहा, कश्मीर एक बड़ा मुद्दा है। हमारे दावे के बावजूद, हम कभी भी आक्रामक नहीं रहे। कई लोगों को शिकायत भी रहती है कि आप आक्रामक क्यों नहीं हैं? हम ऐसे नहीं हैं। लेकिन, पाकिस्तान ने इस मुद्दे या विवाद को सुलझाने की कोशिश नहीं की, बल्कि हमेशा आक्रामकता दिखाई। कार्यक्रम में जावेद और शबाना ने पुस्तक के अंश भी पढ़े। उन्होंने विस्थापित लोगों के पलायन के दर्द के बारे में बात की। पुस्तक के लेखक का परिवार विभाजन के बाद भारत आ गया था। जावेद ने यह भी कहा कि दोनों देशों की सरकारों को शरणार्थियों को एक साथ बैठाने और उनके अलगाव की कहानियों को साझा करने का प्रयास करना चाहिए था।

**दिल्ली हाईकोर्ट से लालू यादव को झटका**

## जमीन के बदले नौकरी' घोटाले में याचिका खारिज

एजेंसी

**दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव को शनिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले में उनके खिलाफ चल रही निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में लालू यादव ने मांग की थी कि इस मामले में चल रही सुनवाई पर रोक लगाई जाए, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि निचली अदालत में कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही चल रही है और उसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि सीबीआई ने 3 जुलाई को लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप है कि 2004-2009 की अवधि के दौरान, लालू प्रसाद (तत्कालीन रेल मंत्री) ने परिवार के सदस्यों और उनके और उनके परिवार द्वारा नियंत्रित एक निजी कंपनी के पक्ष में बेच दी और उपहार में दे दी। पटना में स्थित




विभिन्न रेलवे जोन में समूह 'डी'पदों पर प्रतिस्थापन की नियुक्ति के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूमि संपत्ति के हस्तांतरण के रूप में आर्थिक लाभ प्राप्त किया था। पटना के कई निवासियों ने स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से अपनी जमीन लालू प्रसाद के लगभग 1,05,292 वर्ग फुट भूमि और अचल संपत्तियों को लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों ने पांच बिक्री कार्यों और दो उपहार कार्यों के माध्यम से हासिल किया था, जिसमें विक्रेता को भूमि हस्तांतरण का अधिकांश भुगतान नकद में दिखाया गया था।

# विदेश सचिव की अमेरिकी यात्रा : द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति पर चर्चा

**उभरती तकनीकों में सहयोग और आईटीएआर सहित अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी हालिया वाशिंगटन डीसी की यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान रक्षा, वाणिज्य, वित्त, तकनीक और रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने माना कि तकनीक, व्यापार और प्रतिभा 21वीं सदी की साझेदारी के आधार स्तंभ हैं। विदेश सचिव ने वाणिज्य विभाग के अंडर सेक्रेटरी जेफ्री केसलर से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति, उभरती तकनीकों में सहयोग और आईटीएआर (इंटरनेशनल ट्रैफिक इन आर्म्स रेगुलेशंस) जैसे निर्यात नियंत्रण नियमों को सरल बनाने की जरूरत



पर विचार किया। साथ ही, यह सहमति बनी कि रणनीतिक व्यापार संवाद की अगली बैठक जल्द आयोजित की जाएगी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने 27 से 29 मई तक वॉशिंगटन डीसी का दौरा किया। यह प्रधानमंत्री की फरवरी यात्रा के बाद हुई कॉम्पैक्ट (कैटलाइजिंग ऑपर्चुयुनिटीज फॉर मिलिट्री पार्टनरशिप, एक्सेलेरेटेड कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी) पहल की अगली कड़ी थी। मिस्त्री ने उद्योग और थिंक टैंक प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद किया। कॉम्पैक्ट के विजन के तहत, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ट्रस्ट (ट्रांसफॉर्मिंग रिलायंस, यूनिटी, स्ट्रेंथ एंड ट्रस्ट) पहल, आतंकवाद विरोध, इंडियन ओशन स्ट्रैटेजिक वेंचर और सहयोग मंच जैसे क्वाड (क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग), आई2यू2 (इंडिया, इज़रायल, यूएई, यूएस) और आईएमईईसी (इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर) पर विस्तृत संवाद हुआ। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस यात्रा का उद्देश्य भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना था। मंत्रालय के अनुसार विदेश सचिव ने अमेरिका के विदेश विभाग, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग, वित्त विभाग और वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से व्यापक चर्चा की। ये बातचीत रक्षा, व्यापार, तकनीक, वित्तीय सहयोग और वैश्विक रणनीतिक तालमेल जैसे कई मुद्दों पर केंद्रित रही। उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लानडाउ के साथ लंच बैठक में दोनों पक्षों ने पूरी द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा की।

## झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी, लड़कियों का बेहतर प्रदर्शन



एजेंसी

**रांची।** झारखंड बोर्ड 12वीं का आज रिजल्ट जारी कर दिया गया। जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने आज यहां झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी किया है।जैक 12वीं रिजल्ट 2025 में लड़कियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है।साइंस स्ट्रीम में 80.53त्न लड़कियां पास हुई हैं।वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 78.43फीसदी रहा। कॉमर्स स्ट्रीम की बात करें तो यहां भी लड़कियां आगे रहीं।इस बार कॉमर्स में 95फीसदी लड़कियां पास हुईं। जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 86त्न रहा।झारखंड बोर्ड इंटर 12वीं परीक्षा में पास होने के लिए छात्र को कम से कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी है।

# उत्तर प्रदेश के हरदोई में बारातियों से भरी कार खाई में गिरी, छह की मौत, सात घायल

एजेंसी

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि शादी से लौट रहे बरातियों की कार तेज रफ्तार में भुप्पा पुरवा मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। इससे कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पुलिस उपाधीक्षक अनुज मिश्र ने बताया कि शनिवार तड़के लगभग 03 बजे थाना मझिला के कुसमा गांव से शादी कराकर पाली लौट रहे बारातियों की एक आर्टिगा कार भुप्पा पुरवा मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जितेंद्र (22), आकाश (18), सिद्धार्थ (6), रामू (35), उदय वीर (23), जौहरी (40) शामिल हैं। पुलिस ने सभी शवों को एवं घायलों को सीएचसी शाहाबाद एंबुलेंस से भिजवाया। घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन मौके पर पहुंचे और पुलिस को दिशा-निर्देश दिए। इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

## प्रधानमंत्री ने गोवा के लोगों को राज्य दिवस पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के लोगों को राज्य दिवस के अवसर पर बधाई दी है। मोदी ने कहा कि गोवा की अनूठी संस्कृति भारत का गौरव है। गोवा के लोगों ने विविध क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह राज्य हमेशा से दुनिया भर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है।प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, गोवा की अनूठी संस्कृति भारत का गौरव है। गोवा के लोगों ने विविध क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह राज्य हमेशा से दुनिया भर से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। पिछले एक दशक में बहुत से ऐसे काम हुए हैं जो गोवा की प्रगति को आगे बढ़ा रहे हैं। आशा है कि आने वाले समय में राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।

## पीएम मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली में विकास की रफ्तार थमेगी नहीं : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली** । राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली में विकास की रफ्तार नहीं थमेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'पीएम मोदी ने जब मुझे दिल्ली की सेवा का अवसर दिया, तो यह सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संकल्प था- जनसेवा पर केंद्रित राजनीति, और नीति जो जनकल्याण के लिए हो। इन 100 दिनों में हमने हर वादा जमीन पर उतारने की दिशा में प्रभावी काम किया। हमारी प्राथमिकता साफ थी- विकास ऐसा जो दिखाई भी दे और महसूस भी हो। स्वच्छता, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और ई-गवर्नेंस- हर मोर्चे पर हमारी कोशिश यही रही कि दिल्ली एक सशक्त, सुरक्षित और समावेशी राजधानी बने। पीएम मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन से ही यह संभव हो पाया है। दिल्ली की जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। बदलाव की नींव रखी जा चुकी है, विकास की रफ्तार अब थमेगी नहीं। दिल्ली अब सुशासन और सेवा के संकल्प के साथ, निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर एक वर्कबुक जारी की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस वर्कबुक में सरकार की अब तक की प्रमुख उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण शामिल है। आयुष्मान भारत योजना का विस्तार, यमुना सफाई अभियान और महिला समृद्धि योजना जैसे महत्वपूर्ण कदम इन 100 दिनों की सेवा का प्रतिबिंब है। हमारी सरकार पीएम मोदी के दिखाए गए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के राह पर अग्रसर है।

## दिन निकलते ही गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा ग्रेटर नोएडा, मुठभेड़ में तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने शनिवार तड़के एनआरआई कट परी चौक के पास चेकिंग के दौरान लुटेरों से मुठभेड़ में एक बदमाश को घायल कर तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी राह चलते लोगों से बंदूक की नोक पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देते थे। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार का कहना है कि शनिवार तड़के एनआरआई कट के पास चेकिंग के दौरान एक ईको गाड़ी को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन उसमें सवार बदमाश तेजी से वाहन चलाकर भागने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर पीछा किया तो घिरते देख तीनों बदमाश गाड़ी छोड़कर भागने लगे और पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान आकाश निवासी गांव भदेदू थाना राजपुर जिला चित्रकूट के रूप में हुई है। वह वर्तमान में फेज-2 कोतवाली क्षेत्र के भंगेल में किराये पर रह रहा था। घायल आकाश के दो अन्य साथियों कृष्ण निवासी बुलंदशहर व राम मौर्या निवासी कासगंज को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों भी भंगेल क्षेत्र में किराये पर रह रहे थे।

## वायु प्रदूषण रोकने के लिए ऊंची इमारतों पर एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए दिल्ली सरकार ने ऊंची इमारतों पर सालभर एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य कर दिया है। यह देश में पहली बार है जब किसी शहर ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ऊंची इमारतों को कानूनी रूप से शामिल किया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह हमारे बच्चों की शुद्ध सांसों के लिए उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। अब बहानों की कोई जगह नहीं है। एंटी-स्मॉग गन लगाने का आदेश व्यावसायिक परिसरों, मॉल, होटलों और संस्थागत भवनों पर लागू होगा। इसका निर्मित क्षेत्र 3,000 वर्ग मीटर से ज्यादा होगा और ऊंचाई ग्राउंड फ्लोर के अलावा 5 मंजिल या उससे अधिक होगी। आवासीय भवनों, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों और व्यक्तिगत मकानों को इसमें छूट दी गई है।

# राष्ट्रपति ने 15 नर्सों को प्रदान किए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 15 नर्सों को वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों द्वारा प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं को मान्यता देने और सम्मानित करने के लिए की थी।

पुरस्कार प्राप्त करने वालों में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह से रेखा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश वलिवेटी सुभावती, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव से सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप से रजिया बेगम पी बी, महाराष्ट्र से सुजाता अशोक बागुल, असम से बीना पानी डेका, अरुणाचल प्रदेश से किजुम सोरा कारगा, नई दिल्ली के आरएमएल अस्पताल से डिम्पल अरोड़ा, नर्स दिल्ली से मेजर जनरल शीना पी डी, कर्नाटक से डॉ बानू एम आर, मणिपुर से लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम से वी लालमंगई, पुडुचेरी से एल एस मणिमोझी, तमिलनाडु से अलामेलु मगयारकरसी और पश्चिम बंगाल से डॉली बिस्वास शामिल हैं। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश के समर्पित नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2025 से सम्मानित करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का आभार व्यक्त किया। अपने एक्स पर साझा किए अपने संदेश में जेपी नड्डा ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान मानवता की सेवा के प्रति आपके समर्पण का जश्न मनाता है और आपको सकारात्मक प्रभाव डालते रहने के लिए प्रेरित करेगा।



## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ब्रिक्स संसदीय फोरम में लेंगे भाग

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 3 से 5 जून तक ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने वाले 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व करेंगे। इस फोरम का मुख्य विषय अधिक समावेशी और दीर्घकालिक वैश्विक शासन विधि के निर्माण में ब्रिक्स संसदों की भूमिका है। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, फोरम में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान) और आमंत्रित देशों के संसदीय अध्यक्ष और सांसद भाग लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला फोरम के पूर्ण सत्र में इंटर-पार्लियामेंट्री सहयोग के लिए जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य विषयों पर बोलेंगे। फोरम में भारत की डिजिटल पहल, जिसमें भाषिनी भी शामिल है, पर प्रकाश डाला जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर, लोकसभा सदस्य विजय बघेल, विवेक ठाकुर, डॉ. शबरी बिरेड्डी, लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी शामिल होंगे। फोरम का उद्देश्य ब्रिक्स संसदों की भूमिका को मजबूत करना और वैश्विक शासन में अधिक समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देना है। फोरम में विभिन्न सत्रों में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।

## चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** चाड, बेनिन, अल्जीरिया और नाइजर सहित चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रपति को अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत करने वालों में चाड की राजदूत इल्दजिमा बद्दा मल्लोत, बेनिन के राजदूत एरिक जीन-मैरी जिन्सोउ, अल्जीरिया के जनवादी गणराज्य के राजदूत अब्देनोर खलीफी और नाइजर के राजदूत ज़ादा सेडौ शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इन राजदूतों का स्वागत किया और भारत के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत इन देशों के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और आपसी हितों को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा। इन राजदूतों की नियुक्ति और परिचय-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करने और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। यह दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इन राजदूतों की नियुक्ति से भारत और इन चार देशों के बीच व्यापार, संस्कृति, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना है। यह भारत के लिए अपने वैश्विक संबंधों को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने का एक अवसर है।



## आयुष सुरक्षा पोर्टल की शुरुआत, भ्रामक विज्ञापनों पर रखेगा नजर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । भ्रामक विज्ञापनों और दवा को लेकर गलत सूचना को संबोधित करने के लिए आयुष मंत्रालय ने सुरक्षा पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल आयुष से संबंधित दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों एवं गलत सूचनाओं पर निगरानी रखेगा। आयुष मंत्रालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि आयुष सुरक्षा पोर्टल नागरिकों और पेशेवरों को सक्रिय भागीदार बनने के लिए सशक्त बना रहा है। यह पोर्टल भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ निगरानी तंत्र के रूप में कार्य करेगा और सुनिश्चित करेगा कि केवल विश्वसनीय उत्पाद ही लोगों तक पहुंचे। आयुष सुरक्षा पोर्टल राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों, राष्ट्रीय फार्मा को विजिलेंस केंद्रों और प्रमुख नियामक हितधारकों से डेटा एकीकृत करके, पोर्टल भ्रामक विज्ञापनों और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं पर निगरानी, व्यवस्थित विश्लेषण और समन्वित कार्रवाई की सुविधा प्रदान करता है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि इस पोर्टल को जनता के लिए सुलभ बना दिया गया है ताकि कोई भी नागरिक सीधे पोर्टल के माध्यम से भ्रामक विज्ञापनों या एडीआर की रिपोर्ट कर सके। आयुष सुरक्षा पोर्टल को रिट याचिका (सिविल) संख्या में सुप्रीम कोर्ट के 30 जुलाई, 2024 के आदेश के अनुसार विकसित किया गया है, जिसमें कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं से संबंधित डेटा की निगरानी और प्रकाशन के लिए एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड की आवश्यकता पर बल दिया था। कोर्ट ने भारत संघ को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को शिकायतों की रिपोर्ट करने, अंतर-राज्यीय रेफरल साझा करने और की गई कार्रवाई की स्थिति को अपडेट करने की अनुमति देने के लिए ऐसी प्रणाली स्थापित की जाए।




## राहुल गांधी के रहते कांग्रेस के चार टुकड़े हो जाएंगे : मुख्तार अब्बास नकवी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के 'पीओके' वाले बयान पर जोरदार पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के रहते संभव है कि कांग्रेस पार्टी के चार टुकड़े हो जाएं। समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि पीओके जल्द भारत में शामिल होगा। जहां तक राहुल गांधी का सवाल है, उनके रहते पीओके का तो पता नहीं, उनकी पार्टी के ही चार टुकड़े हो जाएंगे।रेवंत रेड्डी के बयान कितने राफेल नष्ट किए गए, इस पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ लोगों को देश की जीत पर भ्रम पैदा करने और नकारात्मकता फैलाने की आदत हो गई है। वैसे लोग देश की सफलता पर दुर्भावना के गीत गाते हैं। ऐसे लोग अच्छी तरह जानते हैं कि हमारी सेना ने किस तरह आतंकवादियों को नष्ट किया है और बहादुरी और पराक्रम का परिचय दिया है। आतंकवादी रो रहे हैं और उनके नेता उनके आंसू पोंछ रहे हैं। उनकी असहिष्णुता पीएम मोदी की सफलता के खिलाफ हो सकती है, लेकिन देश की सफलता के प्रति असहिष्णुता और नकारात्मकता उनके हित में नहीं है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि शशि थरूर कभी कांग्रेस पार्टी के चहेते थे। लेकिन, आज वे पार्टी की आंख की किरकिरी बन गए हैं, क्योंकि वह राष्ट्रहित में बोल रहे हैं, आतंकवाद को खत्म करने के लिए मजबूती से खड़े हैं। वह कांग्रेस की नकारात्मक मानसिकता से सहमत नहीं हैं और इसलिए उनके लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। जो व्यक्ति कभी उनका पसंदीदा हुआ करता था, वही अब उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यह कांग्रेस पार्टी की असली मानसिकता को दर्शाता है।

कांग्रेस सांसद सलमान खुर्शीद की ओर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की तारीफ पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि जो भी जमीनी हकीकत को समझता है, वह कांग्रेस की तरह झूठा प्रचार नहीं करेगा।

यह सच है कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोग प्रगति, समृद्धि और राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदार बने हैं। आपको याद होगा कि स्थानीय निकाय चुनाव, जो पहले कभी नहीं हुए, अब कराए गए हैं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव भी हुए हैं। 370 के खत्म होने के बाद 370 से अधिक समस्याएं खत्म हो गई हैं।



## दिल्ली में कई न्यायिक अधिकारियों के तबादले

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में न्यायपालिका से जुड़ी बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के तहत कई न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए गए। इस फेरबदल में कड़कड़डूमा कोर्ट में 2020 के दिल्ली दंगों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) समीर बाजपेयी और एएसजे पुलस्त्य प्रमाचला जैसे प्रमुख न्यायिक अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं।दिल्ली उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी अधिसूचना के अनुसार, एएसजे समीर बाजपेयी को साकेत कोर्ट (दक्षिण-पूर्व जिला) में एएसजे-फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) के रूप में स्थानांतरित किया गया है।वह अब तक उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों मामले की सुनवाई कर रहे थे, जो यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के तहत दर्ज है। इस मामले में शेरजील इमाम, उमर खालिद, ताहिर हुसैन, खालिद सैफी और सफूरा जरगर सहित कई प्रमुख आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया चल रही थी।वहीं, एएसजे पुलस्त्य प्रमाचला, जो कड़कड़डूमा कोर्ट में कार्यरत थे, उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक न्यायालय) के रूप में स्थानांतरित किया गया है। प्रमाचला भी कई संवेदनशील मामलों की सुनवाई से जुड़े हुए थे। इसके अलावा, राऊज एवेन्यू कोर्ट के विशेष सीबीआई जज संजीव अग्रवाल का भी तबादला किया गया है। वह अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले की सुनवाई कर रहे थे। उन्हें अब तीस हजारी कोर्ट में जिला जज (कमर्शियल कोर्ट) के पद पर नियुक्त किया गया है। हाल ही में जज संजीव अग्रवाल ने अगस्ता वेस्टलैंड केस में मुख्य आरोपी और ब्रिटिश बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल जेम्स से यह कहते हुए नाराजगी जाहिर की थी कि यह देखकर दुख हुआ कि सात साल में भी मुकदमा शुरू नहीं हुआ है।

## नई दिल्ली में हुई भारत-अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । भारत और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। यह भारत-अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता है, जिसका आयोजन 28 से 30 मई तक नई दिल्ली में किया गया। भारतीय सेना के मुताबिक, इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य मौजूदा समय में चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करना है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का मूल्यांकन, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, अंतर-संचालन क्षमता को सशक्त बनाना और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करना भी इस वार्ता का उद्देश्य था। भारतीय सेना के मुताबिक, दोनों पक्षों ने वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में एक मजबूत भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है। गौरतलब है कि इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल जे.बी. वॉवेल, डिप्टी कमांडिंग जनरल, यूएस आर्मी पैसिफिक ने 28वीं एग्जीक्यूटिव स्टीयरिंग ग्रुप (ईएसजी) बैठक के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि, उपसेनाध्यक्ष (वीसीओएएस) से मुलाकात की थी। यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और आर्मी-टू-आर्मी सहयोग को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेना का कहना है कि हम मिलकर विश्वास, आपसी सहयोग और साझा रणनीतिक हितों की एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। गौरतलब है कि भारत विश्व के विभिन्न देशों के साथ अच्छे सामरिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध रखता है। जहां एक ओर अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता का यह दौर पूरा हुआ है, वहीं शनिवार से भारत और मंगोलिया की सेना एक संयुक्त सैन्य अभ्यास करने जा रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया में होगा। परंपरागत सैन्य अभ्यास से हटकर इस संयुक्त सैन्य अभ्यास की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां दोनों सेनाएं साइबर युद्ध संबंधित एक्सरसाइज करती दिखाई देंगी। इसके अलावा, दोनों देशों के सैनिक एक-दूसरे के परिचालन अनुभवों से भी सीखेंगे।




## एनसीआर में मौसम ने बदला मिजाज, अगले तीन दिन बारिश के आसार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया। हालांकि तापमान में ज्यादा गिरावट न होने के कारण रात भर उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रही। से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं और मौसम में नमी बनी हुई है। मौसम विभाग ने लिए एनसीआर में करीब 4 मिलीमीटर बारिश की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी जानकारी के अनुसार, अगले तीन दिनों तक यानी 30 मई से 4 जून तक एनसीआर और इसके आसपास के इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। 30 मई को आईएमडी ने गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की चेतावनी दी थी। 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई थी। हालांकि 31 मई और 1 जून को 'नो वार्निंग' रही, लेकिन मौसम में अस्थिरता बने रहने की संभावना है। 1 जून को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री रहने का अनुमान है। 2 जून को गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान है, वहीं 3 जून को भी मध्यम बारिश के साथ बादलों की मौजूदगी बनी रहेगी। 4 जून को बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिलेगी, लेकिन ह्यूमिडिटी अधिक रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस समय पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण एनसीआर में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। हालांकि मानसून के आगमन में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन इससे पहले की यह प्री-मानसूनी गतिविधियां लोगों को थोड़ी राहत जरूर दे सकती हैं। अगले 3 दिनों के मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक 2 जून को गरज के साथ बारिश, अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की संभावना है।

## सौरभ भारद्वाज ने जारी किया दिल्ली सरकार के 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड, लगाए कई आरोप

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार के 100 दिनों को 'असफलताओं से भरा हुआ काल' करार देते हुए एक वैकल्पिक रिपोर्ट कार्ड जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने खुद का झूठा रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने एक असली रिपोर्ट कार्ड पेश किया है। सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्लीवासियों की तरफ से पांच महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं। जिनमें दिल्ली की महिलाओं को वादा किए गए 2500 प्रतिमाह कब मिलेंगे? 10,000 से ज्यादा बस मार्शलों को नौकरी से हटाया गया था, और उन्हें 60 दिन में पुनः बहाल करने का वादा किया गया था – अब तक नौकरी क्यों नहीं मिली? निजी स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस को वापस लेने का आदेश कब जारी किया जाएगा? डीपीएस द्वारका में बच्चों को प्रताड़ित करने की शिकायत पर अब तक एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हुई? क्या डीपीएस द्वारका को सरकार अपने नियंत्रण में ले रही है? अगर हां, तो कार्रवाई कब शुरू होगी? उन्होंने भाजपा सरकार पर जनहित की योजनाओं को बंद करने का आरोप भी लगाया। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने 'फरिश्ते स्कीम' को बंद कर दिया, जिसके कारण हाल ही में एक 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। इसके अलावा, भाजपा ने होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन न केवल यह वादा अधूरा रहा, बल्कि सिलेंडर की कीमत 50 और बढ़ा दी गई। झुग्गी-झोपड़ी वालों से किए गए वादों को लेकर भी आम आदमी पार्टी ने भाजपा को घेरा। सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'जहां झुग्गी, वहां मकान' का वादा करके अब उन्हीं झुग्गियों पर बुलडोजर चलवाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार चोरी-छिपे फैसले ले रही है और अभिभावकों से अहम जानकारियां छुपा रही है, जबकि प्राइवेट स्कूलों को हर जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एक नया एक्ट ला रही है, लेकिन उसे विधानसभा में प्रस्तुत करने की बजाय अध्यादेश के जरिए लागू करना चाहती है, ताकि जनता के बीच चर्चा न हो सके।




## दिल्ली में कोरोना के नए वेरिएंट से पहली मौत, 60 साल की महिला ने तोड़ा दम

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना से पहली मौत की पुष्टि हुई है। 60 वर्षीय मृतक महिला पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रही थी। कोरोना को लेकर लोगों के बीच में डर का माहौल पैदा कर दिया है। दिल्ली में कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। लेकिन, स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि वो हर प्रकार की परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कर ली गई है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 430, महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 मई तक 24 सक्रिय मामले थे। लेकिन, एक ही हफ्ते में 99 मामले और बढ़े, जबकि 24 मरीज अब तक रिकवर हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, कई राज्यों में सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिनमें केरल (+355), महाराष्ट्र (+153) और दिल्ली (+24) शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर मौतों में भी इजाफा हुआ है, जिनमें महाराष्ट्र (+4) और कर्नाटक (+1) शामिल हैं। हालांकि, बहुत से राज्यों में कोई नया मामला या मौत नहीं दर्ज की गई है। इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है। सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) :महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं। बता दें कि 19 मई के बाद देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें आंध्र प्रदेश में (4), छत्तीसगढ़ में (1), गोवा में (1), गुजरात में (76), हरियाणा में (8), कर्नाटक में (34), मध्य प्रदेश में (2), राजस्थान में (11), तमिलनाडु में (3) और तेलंगाना में (1) मरीज शामिल हैं।

## सफलता-असफलता के बीच का संतुलन, प्रयास

हम देखेंगे.. लाजिम है कि हम भी देखेंगे... मशहूर शायर फैज अहमद फ़ैज़ ने ये नज्म साढ़े चार दशक पहले तब लिखी थी जब पाकिस्तान में जनरल जिया उल हक ने हुकूमत की बागडोर संभाली थी। लेकिन इस नज्म को लोकप्रियता हासिल हुई 1986 में इकबाल बानो के जरिए। दरअसल, जिया-उल-हक की सरकार ने साड़ी को गैर इस्लामिक बताकर उस पर रोक लगा दी थी, जिसके विरोध में इकबाल बानो ने सफेद साड़ी पहनकर एक बड़े जनसमूह के सामने यह नज्म गायी थी। इसकी एक पंक्ति 'सब ताज उछाले जायेंगे, सब तख्त गिराए जायेंगे' गाते ही भीड़ ने 'इंकलाब जिंदाबाद' नारे लगाने शुरू कर दिये। उसी वक्त से यह नज्म सरकार और उसके तंत्र के प्रति असंतोष व्यक्त करने, प्रतिकार करने का माध्यम बन गई। भारत में भी जनवादी-प्रगतिशील संगठनों और जन आंदोलनों ने इसे हाथों-हाथ ले लिया और इस नज्म ने जनगीत की शक्ल अख्तियार कर ली।

बरसों-बरस यह नज्म जलसों-जुलूसों, धरने-प्रदर्शनों, बैठकों-सभाओं में गायी जाती रही। सरकारें आती-जाती रहीं, इस रचना में किसी को कोई बुराई नजर नहीं आई। लेकिन फिर 2019 आया जब बाकी देश की तरह आईआईटी कानपुर के छात्र नागरिकता संशोधन कानून (सीएए-एनआरसी) के विरोध में इकठ्ठा हुए और यह नज्म गायी। दूसरे पक्ष के कुछ छात्रों ने इस नज्म को हिन्दू विरोधी बताते हुए बवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने संस्थान के निदेशक को शिकायत की कि यह नज्म से उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है। इस पर संस्थान ने एक जांच समिति का गठन कर दिया। समिति ने अपनी जांच में पाया कि फैज़ की यह नज्म हिंदू विरोधी नहीं, बल्कि सत्ता के विरोध का प्रतीक है। हालांकि यह तथ्य, साहित्य की सामान्य समझ रखने वाला कोई भी व्यक्ति बता सकता था।

लेकिन जब किसी विचारधारा के प्रति विद्वेष सामान्य बुद्धि पर हावी हो जाये तो कानपुर की घटना का दोहराव होना ही होता है। हाल ही में यह हुआ भी। 2015 की अत्यधिक चर्चित और पुरस्कृत मराठी फिल्म 'कोर्ट' के अभिनेता वीरा साथीदार की स्मृति में नागपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीरा एक लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता थे। 2021 में महज 61 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई। फिल्म 'कोर्ट' में उन्होंने नारायण कांबले का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 60 करोड़ की कमाई की थी। वीरा के स्मृति आयोजन में 'हम देखेंगे...' नज्म गायी गयी। किसी दक्षिणपंथी संगठन के सदस्य ने इसकी शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने भी आनन-फानन में मामला दर्ज कर लिया। उसने स्व. साथीदार की पत्नी पुष्पा समेत अन्य के खिलाफ देश की एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने, धार्मिक भावना भड़काने और अशांति फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

शिकायत में कहा गया है कि फैज की कविता में 'सिंहासन हिलाने' और 'तानाशाही के दौर' जैसी बातें कही गई हैं। वह भी ऐसे समय में जब पहलगाम हादसे के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा है। अब यह कोई लाल बुझक्कड़ ही बता सकता है कि सालों से गायी जा रही एक नज्म या कविता का दो देशों के बीच उपजे तनाव से क्या वास्ता हो सकता है- खासतौर से तब, जब वह नज्म किसी देश, समाज या धर्म के विरोध में नहीं, बल्कि तानाशाही और अन्याय के विरुद्ध लिखी गई हो। यहां ये बताना लाजिमी है कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसे कद्दावर नेता भी फैज अहमद फैज के प्रशंसक थे और जिस नज्म पर इस वक्त सवाल खड़े किये जा रहे हैं, वह भी अटल जी को बेहद पसंद थी। लेकिन न जाने क्यों दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी और मजबूती का दावा करने वाली उसकी सरकार को अपने इस पुरखे के आचरण-व्यवहार से सबक लेना चाहिये।

फैज़ की बात चली है तो यह बताना जरूरी है कि 2022 में सीबीएसई ने 10वीं कक्षा सामाजिक विज्ञान की किताब से उनकी कुछ कविताएं और लोकतंत्र से संबंधित अध्याय हटा दिये थे। इधर हाल ही में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रो. अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर उनकी एक पोस्ट के बहाने गिरफ्तार किया गया, अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें अंतरिम जमानत मिल गई है। प्रो. खान के खिलाफ शिकायत करने वाली हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया,एक खबरिया चैनल की एंकर के छः बार पूछने पर भी बता नहीं पाईं कि आखिर उस पोस्ट में कौन सा शब्द, कौन सा वाक्य आपत्तिजनक था। इन्हीं मोहतरमा का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे राम रहीम को बलात्कारी कहने से बचती नजर आ रही हैं। रेनू भाटिया की तरह भाजपा का कोई नेता या कार्यकर्ता नहीं बता पा रहा है कि जब कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय सेना के बारे में अनर्गल बयान देने वाले मंत्रियों को बचाने की सारी कोशिशें की जा रही है, तब प्रो. महमूदाबाद और पुष्पा साथीदार पर कार्रवाई क्यों की गई। क्या सिर्फ इसलिए कि दोनों में से एक मुसलमान है और दूसरा अंबेडकरवादी!

यह याद रखा जाना चाहिये कि हिन्दुस्तान हमेशा से उदार प्रवृत्तियों वाला देश रहा है और यहां असहमतियों-आलोचनाओं का सम्मान होते आया है। सरकार से अलग राय रखने और सवाल पूछने वालों पर बेजा कार्रवाई कर जनता को डराने की कोशिश ही न की जाये तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। वरना एक न एक दिन यह डर खत्म हो जायेगा। और तब क्या होगा - हम देखेंगे...

## आंखों से बार-बार पानी आना किस बीमारी का लक्षण है?

आंखों से बार बार पानी आना कई बीमारियों का लक्षण होता है. कई बार यह बीमारी गंभीर भी हो सकती है. यदि आप कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर ज्यादा समय बिताते हैं तो आपको ड्राई आई की समस्या हो सकती है. ड्राई आई होने पर बार बार पानी आता है. यदि ऐसा नहीं है तो आपको इसकी जांच जरूर करवानी चाहिए. आंखों में बार बार पानी आना किस बीमारी के लक्षण है. इस बारे में हमने बात की सीनियर आई सर्जन से। अक्सर हमारी आंखों से बिना कारण पानी निकलने लगता है. यह आंखों की गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है. आंखों में ड्राइनेस या धूल और बाल जाने के कारण भी ऐसा हो सकता है. कई बार धूल के कण ऐसे स्थान पर होते हैं जिनके कारण आंखों में खुजली या असहजता नहीं होती, लेकिन आंखों का सिस्टम उसे बाहर निकालने के लिए पानी का सहारा लेता है. इसके अलावा कई बीमारियां भी हैं जिनके कारण बार बार आंखों से पानी आता है.

**इन बीमारियों में आता है आंखों में बार बार पानी**

एमएमजी अस्पताल के सीनियर आई सर्जन डॉ. नरेंद्र कुमार बताते हैं कि बिना कारण आंखों से पानी आना आंसुओं की ग्रंथि की समस्या का लक्षण होता है. आंसू की नलिका में किसी तरह का अवरोध होता है तो बार बार आंखों में पानी आता है.

इसके अलावा यदि पलकों में किसी तरह की समस्या है तब भी आंखों में पानी आता है. पलकों का बाहर या अंदर ओर मुड़ने के कारण भी ऐसा होता है. इसके अलावा बेल्स पाल्सी के कारण भी ऐसा होता है. बेल्स पाल्सी एक तंत्रिका संबंधी विकार है. इसमें चेहरे की मांसपेशियां प्रभावित होती हैं. जिससे आंखें बंद होने या पलकें ठीक से बंद न होने की समस्या हो सकती है. जिसके कारण बार बार आंख से पानी आता है. डॉ. नरेंद्र कुमार कहते हैं कि यदि आंखों से बार बार पानी आ रहा है तो आपको डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

# माता-पिता और संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंतता दें

**- ललित गर्ग -**



विश्व के अधिकतर देशों की संस्कृति में माता-पिता का रिश्ता सबसे बड़ा एवं प्रगाढ़ माना गया है। भारत में तो इन्हें ईश्वर का रूप माना गया है। माता-पिता को उनके बच्चों के लिए किए गए उनके काम, बच्चों के प्रति उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग के लिए सम्मान और सराहना देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून को मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पालन दिवस है। यह दिन हमें परिवारों के विकास में माता-पिता और उनके जैसे लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करने का अवसर प्रदान करता है। 2025 के लिए थीम है ह्यमाता-पिता का पालन-पोषणह्व। यह थीम माता-पिता के रूप में पालन-पोषण को एक महत्वपूर्ण कौशल के रूप में मान्यता देती है और हमें माता-पिता के रूप में बच्चों के विकास और कल्याण के लिए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करती है। अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं। माता-पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा माता-पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये यह दिवस मनाया जाता है। भारत में जहां कभी संतानें पिता के चेहरे में भगवान और मां के चरणों में स्वर्ग देखती थीं, आज उसी देश में संतानों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण बड़ी संख्या में बुजुर्ग माता-पिता की स्थिति दयनीय होकर रह गई है। इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब हम केवल भारत में ही नहीं है बल्कि विश्व में अभिभावकों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने की भी है। प्रश्न है कि दुनिया में अभिभावक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों अभिभावकों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि अभिभावकों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को कैसे रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल अभिभावकों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। विचारणीय है कि अगर आज हम माता-पिता का अपमान करते हैं, तो कल हमें भी अपमान सहना होगा। समाज का एक सच यह है कि जो आज जवान है उसे कल माता-पिता भी होना होगा और इस सच से कोई नहीं बच सकता। हमें समझना चाहिए कि माता-पिता परिवार एवं समाज की अमूल्य विरासत होते हैं। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए 2007 में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक संसद में पारित किया गया है। इसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन सब के बावजूद हमें अखबारों और समाचारों की सुर्खियों में माता-पिता की हत्या, लूटमार, उत्पीड़न एवं उपेक्षा की घटनाएं देखने को मिल ही जाती है।

विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने माता-पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो माता-पिता को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के माता-पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे माता-पिता दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। माता-पिता को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार किस सीमा तक, कितना, किस रूप में और कितनी बार होता है तथा इसके पीछे कारण क्या हैं, इस पर हुए शोध में पता चला कि 82 प्रतिशत पीड़ित बुजुर्ग अपने परिवार के सम्मान के चलते इसकी शिकायत नहीं करते। शोध के निष्कर्षों के अनुसार अभिभावकों पर होने वाले अत्याचार एवं दुर्व्यवहार की स्थितियां चिन्तनीय है। जिनमें परिजनों एवं विशेषतः बच्चों के हाथों बुजुर्ग अपमान (56 प्रतिशत), गाली-गलौच (49 प्रतिशत), उपेक्षा (33 प्रतिशत), आर्थिक शोषण (22 प्रतिशत) और शारीरिक उत्पीड? का शिकार (12 प्रतिशत) होते हैं और ऐसा करने वालों में बहुओं (34 प्रतिशत) की अपेक्षा बेटों (52 प्रतिशत) की संख्या अधिक है जबकि पिछले सर्वेक्षणों में बहुओं की संख्या अधिक पाई गयी है। प्रौद्योगिकी ने भी बुजुर्गों की उपेक्षा और उनसे दुर्व्यवहार में अपना योगदान दिया है और संतानें अपने माता-पिता की अपेक्षा मोबाइल फोन और कम्प्यूटरों को अधिक तवज्जो देती हैं। इसका बुजुर्गों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अभिभावकों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। अभिभावकों के लिये भी यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नारे ह्सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वासह्ह की गूंज और भावना अभिभावकों के जीवन में उजाला बने, तभी नया भारत निर्मित होगा। मानवीय रिश्तों में दुनिया में माता-पिता और संतान का रिश्ता अनुपम है, संवेदनाभरा है। माता-पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संभावनाओं के पुंज हैं। हर माता-पिता अपनी संतान की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करते हैं। माता-पिता की प्रेरणाएं संतान को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही माता-पिता शिव पार्वती की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं।

माता पिता ही है जो हमें सच्चे दिल से प्यार करते हैं बाकी इस दुनिया में सब नाते रिश्तेदार झुठे होते हैं। पता नहीं क्यों हमे हमारे पिता इतना प्यार करते हैं, दुनिया के बैंक खाली हो जाते हैं मगर पिता की जेब हमेशा हमारे लिए भरी रहती हैं। पता नहीं जरूरत के समय न होते हुए उनके पास अपने बच्चों के लिये कहां से पैसे आ जाते हैं। भगवान के रूप में माता-पिता हमें एक सौगात हैं जिनकी हमें सेवा करनी चाहिए और कभी उनका दिल नहीं तोडना चाहिए। एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। मां का रिश्ता सबसे गहरा एवं पवित्र माना गया है, लेकिन बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता कठोर इसलिये होते हैं ताकि बेटा उन्हें देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

# हम नहीं देख पाए, वो अब भी गा रहे थे

**प्रियंका सौरभ**



शहर की चमचमाती सड़कों, ऊंची इमारतों और बंद खिड़कियों के पीछे जब हम जीवन को व्यस्तताओं की कैद में जी रहे होते हैं, तब कहीं दूर गांवों की बाल्कनियों में जीवन अब भी खुले आकाश के नीचे साँस ले रहा होता है। वहां सुबहें अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से शुरू होती हैं, दोपहरें कोयल की तान से सजी होती हैं, और रातें उल्लुओं की टेर में गूंजती हैं। यह लेख उन्हीं स्मृतियों और अनुभवों की यात्रा है – एक गांव की बाल्कनी में बैठकर महसूस की गई उस दुनिया की, जो कभी हमारी थी, लेकिन जिसे हमने शहर के शोर में कहीं खो दिया। जब मैं हाल ही में गांव आई, तो एक शाम अपनी बाल्कनी में बैठी थी। अचानक एक चिड़िया ने ध्यान खींचा। वो जानी-पहचानी सी लगी – भूरे और सफेद रंग की, फुतीर्ली और बेहद चंचल। उसे देखते ही जैसे मन के किसी कोने से आवाज आई – "धौरईया!" हाँ, यही तो कहते थे हम बच्चे जब नानी के घर आया करते थे। गर्मियों की छुट्टियों में जब पूरा कुनबा गांव में इकट्ठा होता, तो आंगन में बैठकर हम सब बच्चे इन्हीं चिड़ियों के पीछे भागते, उन्हें दाना डालते, और उनके नामों पर बहस करते। "ये गौरैया नहीं, धौरईया है," मेरा चचेरा भाई अकड़कर कहता। शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौए, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया – बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बाल्कनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं, और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है, और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तितर की दौड़ – ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं। शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से। रात के सन्नाटे में जब गांव में दो उल्लू नियमित रूप से आकर एक पुराने नीम के पेड़ पर बैठते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। शहर में उल्लू शब्द एक अपमान या अंधविश्वास से जुड़ा होता है, लेकिन यहां वो जैसे रात के शिक्षक हों – प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले मौन प्रहरी। जब मैंने अपनी नानी से पूछा कि इस चिड़िया को धौरईया ही कहते थे न, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए सिर हिलाया, "हाँ बिटिया, यही तो है। अब ये शहरों में कहां दिखती है। तुम लोग ही कहां रहते हो वहां, जो देख पाओगे।" इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं? गांव की यह बाल्कनी एक खिड़की बन गई थी – केवल बाहर देखने की नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की। मुझे याद आने लगीं नानी की कहानियाँ, वो दोपहरें जब पेड़ की छांव में बैठकर चिड़ियों के घोंसलों को निहारा करते थे, वो मटर के खेत जिनमें तीतर भागते थे, और वो पोखर जहां जलमुर्गियाँ अपने बच्चों के साथ तैरती थीं। हमारी पीढ़ी ने मोबाइल की स्क्रीन पर बर्ड इमोजी तो देखी, लेकिन उनके असली रंग नहीं। हमने गूगल पर बर्ड कॉल्स सुने, लेकिन कभी खुले आसमान के नीचे बैठकर चिड़ियों की सुबह की सभा नहीं देखी। गांव आकर यह एहसास हुआ कि हमारी भागदौड़ में हमने वो सब पीछे छोड़ दिया है, जिसे देखकर हमारी आत्मा मुस्कुराया करती थी। पक्षी केवल उड़ने वाले प्राणी नहीं हैं, वो हमारे अतीत के हिस्से हैं। हमारे लोकगीतों, कहानियों, और भावनाओं में बसे हुए साथी हैं। "कागा सब तन खाइयो, चून-चून खइयो मांस" – कबीर के इस दोहे से लेकर मीराबाई की कोयल और तुलसी की चातक तक, हर पक्षी हमारी संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रहा है।

मुझे याद है जब पहली बार शहर आई थी, तो सोचती थी कि वहां की चकाचौंध ही जीवन का लक्ष्य है। लेकिन अब समझ में आता है कि रोशनी जरूरी है, पर हर रोशनी सूरज नहीं होती। कुछ रोशनियाँ ऐसी भी होती हैं जो आंखों को चौंधिया देती हैं, पर मन को अंधेरा कर देती हैं।

गांव की इस बाल्कनी में बैठे-बैठे एक नन्ही सी चिड़िया बार-बार आती है, कुछ पल बैठती है, फिर उड़ जाती है। उसे देखकर लगता है जैसे वो मेरी स्मृतियों में पंख लगा रही हो। हर बार जब वो उड़ती है, एक पुरानी याद हवा में तैर जाती है।

हम प्रकृति से जितना दूर होते जा रहे हैं, उतना ही खालीपन हमारे भीतर बढ़ता जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक दूरी तक, आधुनिक जीवन के संकटों का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि हम जमीन से, पेड़ों से, पक्षियों से और अपने मूल से कटते जा रहे हैं।

## 130 दिनों के शासन में डोनाल्ड ट्रम्प को नहीं मिली कोई सफलता

**- अंजन रॉय**

अपने घोषित लक्ष्यों की किसी भी स्पष्ट उपलब्धि से वंचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को अपने श्रेय के रूप में लिया। उन्होंने बार-बार दावा किया कि यह उनके 'व्यापार के उपयोग के कारण था जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हुआ'। इस दावे को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बार-बार खारिज किया है।

इस साल 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, तब से एक सौ तीस दिन बीत चुके हैं। शुरूआती दिनों में बड़ी उम्मीदें जगाने के बाद, अति सक्रिय राष्ट्रपति अब धीरे-धीरे इस तथ्य को स्वीकार कर रहे हैं कि वे एक बड़ी विफलता हैं। 'ट्रम्प हमेशा पीछे हटते हैं।' यह एक ऐसा लेबल है जिसे चीनी नेटिजेंस ने उनके लिए गढ़ा था क्योंकि वे टैरिफ पर चीन के साथ लड़ाई से डरते थे। ट्रम्प ने चीनी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ को 145प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और बातचीत शुरू होने से पहले ही चरणों में इसे 30प्रतिशत तक कम कर दिया था।

चीनियों ने ट्रम्प की रियायतों को टैरिफ युद्ध में चीन के साथ उलझने के उनके डर के रूप में वर्णित किया। इसके तुरंत बाद प्रसिद्ध वॉल स्ट्रीट में उनके अपने देशवासियों ने उन्हें 'टैको(ट्रम्प ऑलवेजचिकन्स आऊट) ट्रेड' की उपाधि दी, जिसका संदर्भ टैरिफ पर उनके तेजी से बदलते रुख के आधार पर अमेरिकी शेयर बाजारों में होने वाले उतार-चढ़ाव से था।

जब एक रिपोर्टर ने ओवल ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति से यह सवाल पूछा, तो वह स्पष्ट रूप से गलत ढंग से पेश आये। उन्होंने इसे 'सबसे घटिया सवाल' बताया और उसे फिर कभी इसे न उठाने के लिए कहा। उन्हें यह साबित करने में बहुत मेहनत करनी पड़ी कि वे कायर नहीं हैं।

लेकिन अब सर्वव्यापी बैज का खंडन करने के उनके प्रयासों से, ट्रम्प अब एक मुखर व्यक्ति साबित हुए हैं, जो अपने वायदों के लायक नहीं हैं और वे जिन मुद्दों को उठा रहे थे, उन पर सख्त रुख अपनाने की बात कर रहे हैं। चाहे वह यह दावा हो कि वे सत्ता में आने पर एक दिन में यूक्रेन युद्ध को रोक देंगे। या फिर अमेरिकी संघीय खर्च और बजट घाटे को कम करने के उनके दावे हों- सभी मामलों में, ट्रम्प को धोखेबाज कहा गया है।ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी, एलन मस्क, जिन्हें उन्होंने सरकारी दक्षता के लिए विभाग का प्रमुख नियुक्त किया था - तथाकथित डोज (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एक्सपेंडिचर) - ने बुधवार को अपने कदम पीछे खींच लिए और वास्तव में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने संघीय खर्च में कटौती करने में ट्रम्प की विफलता की सार्वजनिक रूप से आलोचना की। वास्तव में, मस्क को एक टीवी साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से यह कहते हुए सुना गया था कि सैन्य और रक्षा में संघीय खर्च में भारी कर कटौती और बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी देने के लिए बहुचर्चित 'बड़ा और सुंदर' विधेयक वास्तव में डोनाल्ड ट्रम्प के पहले के वायदों से मुकरना था। इस विधेयक से अमेरिकी संघीय घाटे में 3.8 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि होगी। यह उनके द्वारा वायदा किये गये कमी लाने के स्थान पर अमेरिकी सरकार के घाटे में एक बहुत बड़ी उछाल है।

## पाकिस्तान के पूर्व चीफ जस्टिस ख्वाजा ने नागरिक सैन्य मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जवाद एस. ख्वाजा ने सुप्रीम कोर्ट में एक समीक्षा याचिका दायर की है। इसमें सैन्य अदालतों में नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को चुनौती दी गई है। समीक्षा याचिका में सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ के फैसले को चुनौती दी गई है। सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ सात मई, 2025 को पांच सदस्यीय पीठ के फैसले को पलट चुकी है। पांच सदस्यीय पीठ ने सेना अधिनियम की धारा 2 (1) (डी) और 59(4) को असंवैधानिक घोषित किया था। इस पीठ ने फैसला सुनाया था कि 09 और 10 मई के दंगों के संदिग्धों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। दुनिया न्यूज की खबर के अनुसार, पूर्व सीजेपी ख्वाजा ने समीक्षा याचिका में तर्क दिया कि न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर और न्यायमूर्ति आयशा मलिक लिखित पांच सदस्यीय पीठ का फैसला संवैधानिक रूप से सही था और इसे बहाल किया जाना जरूरी है। उन्होंने संघीय और सभी चार प्रांतीय सरकारों को प्रतिवादी के रूप में नामित किया है। उन्होंने दावा किया कि संवैधानिक पीठ का एफबी अली, जिला बार एसोसिएशन और शहीदा जाहिद अब्बासी जैसे पहले के मामलों पर भरोसा गलत था।

## सियोल में चलती मेट्रो ट्रेन में लगी आग, जान बचाकर भागे यात्री, सुरंग से बाहर निकले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में चलती सियोल मेट्रो ट्रेन में अचानक आग की लपटें उठने से अफरातफरी मच गई। यह घटना लाइन 5 की है। मेट्रो की सब-वे ट्रेन में सवार लगभग 400 यात्रियों को जान बचाने के लिए सुरंग का विकल्प चुनना पड़ा। पुलिस का कहना है कि आग लगाने वाले संदिग्ध बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया गया है। दक्षिण कोरिया की पुलिस ने शनिवार सुबह बताया कि लाइन 5 पर सियोल सब-वे ट्रेन में आग लगाने के संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। 60 वर्षीय इस व्यक्ति को गैसोलीन से भरे एक जेरीकैन और एक टॉर्च लाइटर के साथ सुबह करीब 9:45 बजे येओइनारू स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। यह आग पश्चिमी सियोल में येओइनारू और अगले पड़ाव मापो स्टेशन के पास लगी थी। येओंगडेउंगपो पुलिस स्टेशन के अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि संदिग्ध ने ट्रेन में आग किस बात की वजह से लगाई। अधिकारियों ने बताया कि 400 से अधिक यात्रियों को ट्रेन से बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान कुछ यात्रियों को खरोंचें आईं। कई यात्रियों को धुएं की वजह से दिक्कत महसूस हुई। 21 यात्रियों को जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## अमेरिका ने चीन पर समझौते के उल्लंघन का आरोप मढ़ा, व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। ट्रंप की इस तीखी आलोचना से समझौते की स्थिरता पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध फिर से शुरू होने की आशंका बढ़ गई है।न्यूज की खबर के अनुसार, ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में कहा, चीन ने हमारे साथ समझौते का पूरी तरह उल्लंघन किया है। ट्रंप की यह टिप्पणी यूएस ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के गुरुवार रात फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार के बाद आई है। उन्होंने साक्षात्कार में अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता के बारे में निराशा व्यक्त की थी। बेसेंट ने कहा था कि अगले हफ्ते राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात हो सकती है। ट्रंप और बेसेंट की टिप्पणी के बाद सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी शेयरों में थोड़ी गिरावट आई।

## अमेरिका की मशहूर टीवी अभिनेत्री लोरेटा स्विट का 87 वर्ष की आयु में निधन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के लोकप्रिय टीवी धारावाहिक 'एमएएसएच' की अभिनेत्री लोरेटा स्विट का निधन हो गया। उन्होंने 87 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। लोरेटा को इस धारावाहिक में आर्मी मेजर हौलिहान की भूमिका के लिए याद किया जाता है। उन्होंने आर्मी मेजर की सहानुभूतिपूर्ण भूमिका के लिए दो एमी पुरस्कार जीते। टीवी और थियेटर में उनका लंबा करियर रहा। द न्यूयार्क टाइम्स की खबर के अनुसार, अभिनेत्री लोरेटा स्विट का मैनहट्टन में उनके घर पर निधन हो गया। यह घोषणा उनके जनसंपर्क अधिकारी हरलान बोल ने की। उन्होंने कहा कि एमएएसएच हास्य धारावाहिक है। उन्हें कॉमेडी सीरीज में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए एमी पुरस्कार के लिए लगातार 10 वर्षो तक नामांकित किया गया।उन्होंने 1980 और 1982 में दो बार यह पुरस्कार जीता। एमएएसएच का प्रसारण सबसे लंबे समय तक 1972 से 1983 तक किया गया। एक उपन्यास पर आधारित इस शो में सीबीएस सीरीज ने कोरियाई युद्ध के समय की एक घटना को दिखाया था।

# सीडीएस चौहान की यूके, जापान और फ्रांस के सैन्य प्रमुखों से मुलाकात, ऑपरेशन सिंदूर पर हुई बात

एजेंसी

**सिंगापुर ।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सिंगापुर में आयोजित 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने फ्रांस, ब्रिटेन, जापान आदि विभिन्न देशों के थिंक टैंकों के साथ महत्वपूर्ण संवाद किया। 'भविष्य के युद्ध और युद्ध प्रणाली' विषय पर विचार साझा करते हुए सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर के प्रमुख पहलुओं को सामने रखा। उन्होंने यहां यूरोप समेत विश्व के कई देशों के समक्ष ऑपरेशन सिंदूर के कई पहलुओं जैसे डिस्ट्रिब्यूटेड फोर्स एप्लिकेशन, नेटवर्क-सेंट्रिक ऑपरेशन्स, साइबर और सूचना युद्ध, तथा खुफिया क्षमताओं को रेखांकित किया। शांगरी-ला डायलॉग 2025 के बौद्धिक विमर्श में उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत रक्षा आधुनिकीकरण और तीनों सेनाओं के एकीकरण व संयुक्तता को



भविष्य की युद्धक्षमता में निर्णायक बताया। भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को नई दिशा देते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस की नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल निकोलस वाउजुर के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर पर विचार साझा किए और क्षेत्रीय परिदृश्य के विकास पर चर्चा की। बैठक में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और अंतरिक्ष के क्षेत्र में रक्षा सहयोग को बढ़ाने के मार्गों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। भारत का मानना है कि यह बातचीत भारत-फ्रांस रणनीतिक समन्वय को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। वहीं यहां भारत-जापान रक्षा संबंधों को भी नई मजबूती मिली है। जनरल अनिल चौहान ने जापान के चीफ ऑफ स्टाफ, जॉइंट स्टाफ, जनरल योशिहिदे योशिदा से मुलाकात की। ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक समन्वय पर चर्चा हुई। सीडीएस कार्यालय के मुताबिक यह संवाद भारत और जापान की साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराता है। जनरल अनिल चौहान ने ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स एडमिरल डेविड जॉनस्टन से मुलाकात की। ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय परिदृश्य और सुरक्षा मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस बैठक में समुद्री सहयोग और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों को और सुदृढ़ करने हेतु रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा हुई। भविष्य के युद्धों में भारत की तैयारियों और अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग की दिशा में सीडीएस जनरल अनिल चौहान के ये संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

## सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत

एजेंसी

**खार्तूम ।** सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है। मंत्रालय ने कहा, मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने आगे कहा, मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है, जिसमें उत्तर, पश्चिम और दक्षिण कोर्डोफान राज्य शामिल हैं। आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान में अल-दीबात और पश्चिम कोर्डोफन में अल-खिवाई कस्बों पर नियंत्रण का दावा किया। सूडानी सेना ने अभी तक इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## रूस ने पाकिस्तान के साथ नजदीकी की 'फर्जी खबरों' को किया खारिज, भारत के साथ संबंध बिगाड़ने की बताई साजिश

जेंसी

**मॉस्को।** रूस ने उन 'फर्जी खबरों' को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि वह पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बढ़ा रहा है, खासकर कराची में स्टील मिल लगाकर। दरअसल, हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया में खबर आई थी कि मॉस्को और इस्लामाबाद मिलकर औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके तहत पाकिस्तान में नई स्टील मिलें स्थापित की जाएंगी, ताकि 1970 के दशक जैसे सहयोग को फिर से जीवित किया जा सके, जब सोवियत संघ ने पाकिस्तान स्टील मिल्स (पीएसएम) को डिजाइन किया और उसका वित्तपोषण किया था।पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इस पर विचार करने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक हारून अख्तर खान और मॉस्को के प्रतिनिधि डेनिस नजरूफ के बीच 13 मई को इस्लामाबाद में एक बैठक हुई थी। इस बैठक को लेकर एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने सहयोग की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की और कराची में एक स्टील मिल की स्थापना के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति व्यक्त की। बातचीत के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक ने कहा कि निवेश के लिए पाकिस्तान एक सुरक्षित और संपन्न केंद्र है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने इसकी क्षमता को पहचाना है। इन रिपोर्टों से चिंताएं और संदेह उत्पन्न



हुआ, क्योंकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा दिए गए राहत पैकेजों पर निर्भर है। मॉस्को में सूत्रों ने इस मुद्दे पर बातचीत होने की बात स्वीकार की, लेकिन उन रिपोर्टों की निंदा की जिनमें दावा किया गया था कि दोनों देशों के बीच अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## चीन ने नेपाल पर बीआरआई समझौते का अक्षरशः पालन करने के लिए दबाव डाला

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हांगकांग में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के समझौते का अक्षरशः पालन करने पर जोर दिया गया है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नेपाल किसी भी तीसरे देश के दबाव में आकर इस समझौते से पीछे नहीं हटेगा। वार्ता के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पिछले वर्ष दिसंबर में हुई चीन यात्रा के दौरान हुए बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते का अक्षरशः पालन किए जाने पर जोर दिया। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. राणा ने भी चीनी विदेश मंत्री को समझौते के पूर्ण कार्यान्वयन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बीजिंग यात्रा के दौरान जिन परियोजनाओं को लेकर दोनों देशों के बीच समझौता हो चुका है, उसको अवश्य ही पूरा किया जाएगा। डॉ. राणा के मुताबिक चीन के विदेश मंत्री का जोर झापा जिले में प्रस्तावित नेपाल चाइना फ्रेंडशिप इकोनॉमिक पार्क को लेकर भी है। इसके अलावा नेपाल-चीन संबंधों, आपसी हितों, साझा चिंताओं और इस वर्ष दोनों देशों द्वारा मनाए जा रहे राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ पर चर्चा केंद्रित थी। डॉ. राणा ने सामाजिक-आर्थिक विकास में चीन के लंबे समय से चले आ रहे समर्थन के लिए चीन की सराहना की और विदेश मंत्री वांग के माध्यम से चीनी सरकार और लोगों को धन्यवाद दिया। डॉ. राणा ने जोर देकर कहा कि नेपाली क्षेत्र का उपयोग कभी भी चीन के खिलाफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने



हाल ही में आयोजित सागरमाथा वार्ता में भाग लेने के लिए चीन का आभार व्यक्त किया और राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर विदेश मंत्री वांग को नेपाल की यात्रा पर आमंत्रित किया।

## आतंकवाद के मुद्दे पर पाक को बेनकाब करने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल इथियोपिया पहुंचा

एजेंसी

**अदीस अबाबा।** आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत के आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' के मजबूत संदेश को आगे बढ़ा रहा है। यह दौरा भारत की उस रणनीतिक पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद पाकिस्तान से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाना है। दक्षिण अफ्रीका की सफल यात्रा के बाद अदीस अबाबा पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ और एकजुट रुख की पुष्टि की। प्रिटोरिया स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के दक्षिण अफ्रीका की सफल यात्रा के समापन पर, प्रिटोरिया स्थित भारतीय उच्चायोग सांसदों को हार्दिक विदाई देता है तथा उनकी सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना करता है!' इससे पहले, गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका में एक प्रेस वार्ता के दौरान, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत-दक्षिण अफ्रीका की मजबूत रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि, इसके जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के 'जीरो टॉलरेंस' के दृढ़ रुख को उजागर किया। प्रतिनिधिमंडल ने जोहान्सबर्ग में कांस्टीट्यूशन हिल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके शांति, अहिंसा और सहिष्णुता का भारत का संदेश भी दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अफ्रीका के अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) के नेताओं से मुलाकात की, जिसका नेतृत्व एएनसी के महासचिव फिकिले मबालुला ने किया। अफ्रीकी नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग का स्वागत किया और उसकी सराहना की। उन्होंने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के हर रूप और प्रकार की निंदा की।

## बांग्लादेश में मानसून की दस्तक, बारिश के बीच मुंशीगंज में पुल ढहा

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में मानसून के दस्तक देने के साथ बरसात शुरू हो गई है। इससे आम लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। देश के मुंशीगंज जिले के सदर उपजिला में रोजोट्रेखा नहर पर बना कंक्रीट का पुल करीब तीन बजे ढह गया। इससे खासकंडी और नोलबुनियाकांडी गांवों के बीच सड़क संपर्क टूट गया और हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश में खाड़ी में दबाव के कारण हुई भारी बारिश के बीच प्रकृतिजन्य यह वाकया हुआ। मुंशीगंजको बिक्रमपुर के नाम से भी जाना जाता है। यह मध्य बांग्लादेश में ढाका डिवीजन का प्रमुख शहर है। यह मुंशीगंज जिले का मुख्यालय भी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, खासकंडी कब्रिस्तान के पास स्थित पुल कुछ साल पहले रोजोट्रेखा नहर पर बनाया गया था। यह खासकांडी और नोलबुनियाकांडी क्षेत्र के लगभग 2,000 से 2,500 लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क था। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश और संपर्क मार्ग के आसपास मिट्टी के कटाव ने संरचना को कमजोर कर दिया। मुंशीगंज सदर उपजिला के अधिकारी मोहम्मद महबूबुर रहमान ने कहा कि जानकारी जुटाई जा रही हैं। जल्द से जल्द आवागमन को बहाल करने के लिए आला अधिकारियों से चर्चा की गई है। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से पुल की मरम्मत के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। इस बीच बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग ने मानसून के आगमन के साथ ही आगामी 24 घंटों में देश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। विभाग के बुलेटिन में कहा गया है कि रंगपुर, मैमनसिंह, चटगांव और सिलहट संभागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश,गरज के साथ बौछारें पड़ने और तेज हवा चलने की संभावना है।

## इंडोनेशिया ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन किया : संदीप चक्रवर्ती

एजेंसी

**जकार्ता।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया के दौरे पर था। इंडोनेशिया में भारत के राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल को इंडोनेशिया का समर्थन मिला है। संदीप चक्रवर्ती ने समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा, प्रतिनिधिमंडल ने यहां पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में हुई भारतीय सेना की कार्रवाई के बारे में स्पष्टता से अपनी बात रखी। हमने बताया कि हम सिर्फ आतंकवाद को नहीं बल्कि उसका समर्थन करने वाले देश को भी निशाना बनाएंगे। इंडोनेशिया भी आतंकवाद से पीड़ित रहा है, इसलिए उन्होंने भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बात को ध्यान से सुना और अपना समर्थन जताया। आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति उन्होंने अपनी संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान और



आतंकवाद एक दूसरे के पूरक हैं। इस बात को पूरी दुनिया जानती है। कुछ देशों की मजबूरियां हो सकती हैं, वे इसे स्वीकार नहीं करते। भारतीय राजदूत ने कहा, इंडोनेशिया दुनिया का सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश है। भारत का स्थान दूसरा है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने जब मुझे पहलगाम हमले के बाद संवेदना प्रकट करने के लिए बुलाया था तो कहा था कि इस्लाम प्रेम प्रकट करने वाला धर्म है, आतंकवाद प्रकट करने वाला नहीं। उन्होंने आतंकी घटना की कड़ी निंदा की थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया का चयन कर यह संदेश दिया है कि हम किसी धर्म के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि आतंकवाद और उसका समर्थन करने वाले के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, ÷बाली में 2002 में भयंकर आतंकी घटना हुई थी। इसके बाद आतंक के खात्मे के लिए इंडोनेशिया ने कई कदम उठाए हैं। इंडोनेशिया आतंकवाद के खिलाफ मजबूत होकर उभरा है। यहां आतंकवाद कमजोर हुआ है। राजदूत ने बताया, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत-इंडोनेशिया सांसद मैत्री ग्रुप, विदेश मंत्री और उप विदेश मंत्री से मुलाकात की। आसियान के महासचिव, यहां की राजनीतिक पार्टियों और भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

संजय झा के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का दल पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर अपना स्टैंड स्पष्ट करने के लिए इंडोनेशिया दौरे पर था। समाचार एजेंसी से बात करते हुए संजय झा ने कहा, हमने नहदलतुल उलेमा प्रमुख से मुलाकात की। नहदलतुल उलेमा दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामी संगठन है।

## इजरायल ने हमास को चेतावनी दी, अमेरिका के गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे

एजेंसी

**यरूशलम ।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज़ ने हमास को चेतावनी दी है कि वह गाजा युद्ध रोकने के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा पेश किए गए समझौते को स्वीकार कर ले, नहीं तो उसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया कि स्टीव विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्धविराम के बदले दो चरणों में सौदा शामिल है। इसके तहत 10 ज़िंदा इजरायली बंधकों और 18 शवों को सौंपा जाएगा, जबकि इजरायल 1,236 फिलिस्तीनी कैदियों और 180 फिलिस्तीनियों के शव लौटाएगा।

अपने कार्यालय से जारी एक बयान में रक्षा मंत्री कैट्ज ने कहा कि इजरायली सेना गाजा में पूरी ताकत से अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि हर इलाके में सैनिकों के



प्रवेश की तैयारी के तहत, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जमीन, हवा और समुद्र से बड़े पैमाने पर हमले किए गए हैं। जारी एक बयान में इजरायली सेना ने कहा कि गुरुवार से उसकी वायु सेना ने जमीनी बलों के साथ मिलकर गाज़ा पट्टी में कई ठिकानों पर हमला किया है। इन हमलों में आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनके हथियारों, ठिकानों और भूमिगत ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि सैन्य अभियान के दौरान इजरायली सैनिकों पर दो रॉकेट लॉन्चर से ग्रेनेड दागे गए, जिससे तीन सैनिकों को हल्की चोटें आईं। इजरायली सेना के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के दौरान 251 लोगों को बंधक बनाया गया था। इनमें से 57 अब भी गाज़ा में हैं, जिनमें से 34 के मारे जाने की आशंका है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 दिनों के युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि इजरायली सेना अब भी वहां सैन्य अभियान चला रही है।

## कोलंबिया ने आधिकारिक बयान वापस लिया, पाकिस्तान की एक और हार

**बोगोटा (कोलंबिया)।** आखिरकार कोलंबिया ने अपना आधिकारिक बयान वापस ले लिया। इस बयान में भारतीय हमलों के बाद पाकिस्तान में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की गई थी। भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया के आधिकारिक बयान पर चिंता जताते हुए कहा था कि हम (भारत) कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया से कुछ निराश हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद कोलंबिया की उप विदेशमंत्री योलांडा विलाविसेनियो ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि आज हमें जो स्पष्टीकरण मिला है और वास्तविक स्थिति, संघर्ष और कश्मीर में जो कुछ हुआ, उसके बारे में अब हमारे पास जो विस्तृत जानकारी है, उसके आधार पर हम बातचीत जारी रख सकते हैं। थरूर ने कोलंबिया के आधिकारिक बयान वापस लेने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का भला कौन समर्थन कर सकता है। इसके अलावा पाकिस्तान के पांखड का जवाब देने के लिए पश्चिमी अफ्रीका के देश सिएरा लियोन पहुंचे भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कार्यवाहक विदेशमंत्री फ्रांसेस पी. अल्धाली से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की प्रत्यक्ष भूमिका के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

## यूएस सुप्रीम कोर्ट ने किया ट्रंप सरकार का रास्ता साफ, 5 लाख लोगों पर मंडराया निर्वासन का खतरा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप सरकार का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश को हटा दिया है, जिसके तहत क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के चार देशों के पांच लाख से अधिक प्रवासियों के लिए मानवीय पैरोल सुरक्षा को बरकरार रखा गया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने ट्रंप प्रशासन को एक अन्य मामले में लगभग 350,000 वेनेजुएला के प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी स्थिति को रद्द करने की भी अनुमति दी है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस कदम ने ट्रंप प्रशासन के लिए हजारों प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी सुरक्षा को फिलहाल खत्म करने का रास्ता साफ कर दिया है और निर्वासन के दायरे में आने वाले लोगों की कुल संख्या को लगभग दस लाख तक पहुंचा दिया है। अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर आने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, बाइडेन प्रशासन ने 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत में क्यूबा, ??हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के लोगों के लिए पैरोल कार्यक्रम बनाया, जिसके तहत उन्हें कुछ प्रोसेस से गुजरने के बाद दो



साल तक अमेरिका में काम करने की इजाजत दी गई। इस प्रोग्राम ने लगभग 5,32,000 लोगों को निर्वासन से बचाया। लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के तुरंत बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को सभी पैरोल प्रोगाम को टर्मिनेट करने का निर्देश देते हुए एक कार्यकारी आदेश जारी किया। कार्यकारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए नोएम ने मार्च में पैरोल प्रोग्राम को समाप्त करने की घोषणा की, जिसके तहत पैरोल के किसी भी अनुदान की वैधता 24 अप्रैल तक समाप्त हो जाएगी। मैसाचुसेट्स में एक फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज ने नोएम द्वारा प्रवासियों की अस्थायी कानूनी स्थिति को पूरी तरह से रद्द करने के फैसले को रोकने पर सहमति जताई। उस समय कई पैरोलियों और एक गैर-लाभकारी संगठन सहित 23 व्यक्तियों के एक ग्रुप ने नोएम द्वारा प्रोग्राम को समाप्त करने को चुनौती दी थी।

ट्रंप प्रशासन ने पहले पहले सर्किट के लिए यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स में अपील की, जिसने अपील लंबित रहने तक जिला न्यायालय के आदेश को रोकने से इनकार कर दिया और फिर सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की।

## खराब मौसम ने खेल बिगाड़ा : एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के उद्घाटन दिवस पर प्रतियोगिता स्थगित

**एजेंसी**

**मंगलुरु।** छठवें एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पहले दिन की सभी प्रतियोगिताएं रद्द कर दी गईं। तन्निरभवी ईको बीच पर आयोजित इस राष्ट्रीय सर्फिंग प्रतियोगिता की शुरुआत भारी बारिश और समुद्र में खतरनाक हालात के कारण नहीं हो सकी। अरब सागर में चक्रवातीय गतिविधियों और मानसून के समय से पहले आगमन के चलते समुद्र में ऊंची लहरें और अनियमित वेव पैटर्न देखे गए, जिससे सर्फिंग के लिए स्थितियां असुरक्षित हो गईं। आयोजकों, सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, मंत्रा सर्फ क्लब और सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन ने सावधानी बरतते हुए दिन की सभी प्रतियोगिताएं स्थगित करने का निर्णय लिया। तीन दिवसीय यह प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता 2025 की नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज़ का दूसरा चरण है, जिसका आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है और मंत्रा सर्फ क्लब इसकी मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अधीन हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में मौसम विभाग के चेतावनी के अनुसार प्रतियोगिता स्थल को ससिहिथ्लु बीच से तन्निरभवी ईको बीच स्थानांतरित कर दिया गया था। हालांकि, मौसम में सुधार नहीं हुआ और लगातार बारिश ने पहले दिन के सभी मुकाबलों को बाधित कर दिया।

## चिकमंगलूर में भारतीय राष्ट्रीय टीएसडी रैली चैम्पियनशिप (4डब्ल्यू) 2025 के सीज़न-ओपनिंग क्वालीफायर के लिए रिकॉर्ड 130 एन्ट्री

**चिकमंगलूर।** कर्नाटक की कॉफी पहाड़ियों में एक बार फिर मोटरस्पोर्ट्स का रोमांच लौट आया है क्योंकि 31 मई और 1 जून को आयोजित होने जा रही रैली ऑफ चिकमंगलूर के साथ एफएमएससीआई इंडियन नेशनल टाइम स्पीड डिस्टेंस रैली चैंपियनशिप (4डब्ल्यू) 2025 का सीज़न शुरू हो रहा है। मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ चिकमंगलूर (एमएससीसी) द्वारा आयोजित और जेके टायर मोटरस्पोर्ट के सहयोग तथा वम्सी मेरला स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सह-प्रायोजन में आयोजित यह साउथ ज़ोन का पहला राउंड है, जो चिकमंगलूर की खूबसूरत लेकिन चुनौतीपूर्ण टारमार्क सड़कों पर ड्राइवरों और नेविगेटरों की तकनीकी दक्षता और मानसिक मजबूती की परीक्षा लेगा। एक्शन की शुरुआत 31 मई को शाम 4:30 बजे (16:30 बजे आईएसटी) सिग्नेचर अपार्टमेंट, के.एम. रोड, एपीएमसी के पास, चिकमंगलूर से सेरेमोनियल स्टार्ट के साथ होगी। रैली लेग 2 का आरंभ अगले दिन सुबह 7:00 बजे (1 जून) होगा, जिसमें प्रतिभागी लगभग 210 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। कार्यक्रम का समापन उसी स्थल पर 1 जून को दोपहर 2:00 बजे (14:00 बजे आईएसटी) पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया जाएगा।

## एपीजीसी जूनियर चैंपियनशिप: रणवीर और कृष लड़कों की टीम स्पर्धा में पांचवें स्थान पर

**हांगकांग।** भारतीय गोल्फरों रणवीर मित्रो और कृष चावला ने एशिया-पैसिफिक गोल्फ कन्फेडरेशन (एपीजीसी) जूनियर चैंपियनशिप के दौरान हांगकांग गोल्फ क्लब में लड़कों की टीम स्पर्धा में कुल चार ओवर 430 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। चीनी जोड़ी जिन हेंग यान और जिन हान ने चार-अंडर 422 के कुल स्कोर के साथ लड़कों की टीम स्पर्धा का खिताब जीता। बारिश के मौसम ने कम स्कोर बनाना मुश्किल बना दिया, लेकिन रणवीर ने टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए तीसरे और अंतिम राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर जमा किया और व्यक्तिगत स्पर्धा में छठा स्थान हासिल किया। उनका कुल स्कोर दो-अंडर 211 रहा, जो भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) द्वारा भेजी गई चार-सदस्यीय टीम में सबसे अच्छा था। कृष ने कुल छह ओवर 219 के स्कोर के साथ 22वां स्थान प्राप्त किया। न्यूज़ीलैंड के कूपर मूर ने तीन-दिवसीय नौ-अंडर 204 के कुल स्कोर के साथ लड़कों की व्यक्तिगत स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया जबकि वियतनाम के तुआन अन्ह गुयेन दूसरे स्थान पर रहे। रणवीर ने कहा कि यह टूर्नामेंट उनके लिए एक 'अमूल्य सीखने का अनुभव' रहा और इससे उन्हें अपनी ताकत और सुधार के क्षेत्रों को समझने में मदद मिली।

## लोनाटो वर्ल्ड कप के लिए 12 सदस्यीय शॉटगन टीम की घोषणा, रायज़ा ढिल्लों और अनंतजीत की वापसी

**नई दिल्ल,।** पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके स्कीट शूटर रायज़ा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरूका एक बार फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन समिति ने उन्हें उस 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में शामिल किया है। दोनों खिलाड़ी 4 से 14 जुलाई 2025 के बीच इटली के लोनाटो डेल गार्डा में होने वाले इस साल के चौथे और अंतिम इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप स्टेज में हिस्सा लेंगी। इस महीने की शुरुआत में निकोसिया में हुए तीसरे शॉटगन वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में से, जहाँ भारत ने नए ओलंपिक इवेंट-ट्रैप मिक्स्ड टीम-में अपना पहला आईएसएसएफ पदक (कांस्य) जीता, केवल अनुभवी मीराज अहमद खान (पुरुष स्कीट) और महेश्वरी चौहान (महिला स्कीट) ही अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।

## मुंबई सिटी ने बिपिन सिंह के सम्मान में जर्सी नंबर 29 को रिटायर करने का किया फैसला

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने पुष्टि की है कि विंगर बिपिन सिंह का क्लब के साथ अनुबंध 31 मई 2025 को समाप्त हो गया है और वह अब टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। क्लब ने उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करते हुए उनकी जर्सी नंबर 29 को हमेशा के लिए रिटायर करने का फैसला किया है। मणिपुर से ताल्लुक रखने वाले बिपिन सिंह ने 2018 में शिलांग लाजोंग और एटीके जैसे क्लबों में खेलकर अनुभव हासिल करने के बाद मुंबई सिटी से जुड़ाव बनाया था। इसके बाद वह क्लब के इतिहास के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक बन गए। बिपिन ने मुंबई सिटी के साथ रहते हुए दो बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप और दो बार लीग शील्ड अपने नाम की। उन्होंने क्लब के लिए कई अहम मौकों पर निर्णायक प्रदर्शन किए। बिपिन सिंह 2020-21 के ऐतिहासिक सीजन में टीम के अहम सदस्य थे, जब मुंबई





सिटी एफसी आईएसएल इतिहास में पहली बार कप और शील्ड दोनों जीतने वाली टीम बनी। फाइनल में एटीके मोहन बागान के खिलाफ उनका विजयी गोल आईएसएल के इतिहास में सबसे यादगार पलों में गिना जाता है। बिपिन ने 2023-24 में दूसरा आईएसएल कप भी अपने नाम किया। फाइनल में एक और शानदार गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। 2022-23 में टीम के लीग शील्ड जीतने वाले दल का भी वह हिस्सा रहे। बिपिन सिंह ने 158 मैचों में 28 गोल किए और इस तरह वह मुंबई सिटी एफसी के इतिहास में सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। बिपिन ने भावुक विदाई संदेश में कहा, अलविदा कहना आसान नहीं है, लेकिन मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं। मुंबई सिटी पिछले सात सालों में मेरा घर रहा है और इस क्लब ने मुझे सब कुछ दिया। फैंस, साथियों, स्टाफ और हर उस व्यक्ति का शुक्रिया जो इस सफर का हिस्सा रहा। मुंबई सिटी हमेशा मेरे दिल में रहेगा। मुंबई सिटी के सीईओ कंदर्प चंद्रा ने कहा, 'बिपिन का सफर मुंबई सिटी के साथ बेहद खास रहा है। उन्होंने मैदान पर और बाहर दोनों जगह अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है। उनका फैनबेस से जुड़ाव और क्लब के लिए उनकी प्रतिबद्धता अतुलनीय रही है।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग: सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बॉक्सरों के लिए अनिवार्य होगी जेंडर टेस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड बॉक्सिंग ने घोषणा की कि वह अपने सभी टूर्नामेंट्स में भाग लेने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य जेंडर टेस्टिंग (लिंग परीक्षण) लागू करेगा। अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग महासंघ ने यह फैसला उस विवाद के बाद लिया है, जो पिछले साल पेरिस ओलंपिक में अल्जीरिया की महिला गोल्ड मेडलिस्ट इमान खलीफ समेत कुछ खिलाड़ियों को लेकर हुआ था। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि उसने अल्जीरियाई बॉक्सिंग फेडरेशन को सूचित कर दिया है कि अगर इमाने खलीफ नीदरलैंड्स में 5 से 10 जून के बीच होने वाले आइंधोवन बॉक्स कप में हिस्सा लेना चाहती हैं, तो उन्हें पहले लिंग परीक्षण से गुजरना होगा। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अपने बयान में कहा,वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अल्जीरियाई बॉक्सिंग फेडरेशन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि इमान खलीफ को तब तक महिला



वर्ग में आइंधोवन बॉक्स कप या किसी भी वर्ल्ड बॉक्सिंग इवेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक वह जेंडर टेस्ट नहीं करवा लेतीं।गौरतलब है कि वर्ल्ड बॉक्सिंग 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

## बंगाल प्रो टी20 लीग: सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने सीजन 2 के लिए किया पुरुष टीम का ऐलान

**एजेंसी**

**कोलकाता।** सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने जून में होने वाले बंगाल प्रो टी20 लीग सीजन 2 के लिए हाल ही में आयोजित खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के बाद एक मजबूत पुरुष टीम की घोषणा की है। टीम प्रबंधन ने 7 टेस्ट मैच खेलने वाले व आखिरी सीजन में भी टीम के मार्की खिलाड़ी रहे आकाश दीप को बरकरार रखा है।

हाल ही में सर्वोटेक स्पोर्ट्स से मेंटर के रूप में जुड़े अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ÷हमने अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन से एक संतुलित टीम तैयार की है। इस अनुभव और युवा जोश का मिश्रण हमें हर परिस्थिति में ढलने और पूरे आत्मविश्वास से मुकाबला करने की क्षमता प्रदान करता है।टीम संयोजन पर विश्वास जताते हुए सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा, हमने ऐसी टीम चुनी है जो चुनौतियों का सामना करते हुए दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। मुझे विश्वास है कि यह टीम एक शानदार प्रतिस्पर्धी बनकर उभरेगी और हमें गर्व महसूस कराएगी। पूरे उत्तर बंगाल की खेल भावना को समेटे सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, अलीपुरद्वार और कालिम्पोंग जिलों का प्रतिनिधित्व करती है। सीजन 1 में मजबूत नींव रखने के बाद, फ्रेंचाइजी का मकसद इस वर्ष अपने प्रदर्शन को और ऊंचाई पर ले जाने का है। बंगाल प्रो टी20 लीग सीजन 2 की पुरुष प्रतियोगिताएं 11 जून से ईडन गार्डन्स में शुरू होंगी, जिसमें पिछले सीजन की संयुक्त विजेता टीमें सोबिस्को स्मैशर्स मालदा और मुर्शिदाबाद किंग्स रात 8 बजे




आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 जून को ईडन गार्डन्स में डबल-हेडर के रूप में खेले जाएंगे, जिनका समय दोपहर 1 बजे और रात 7 बजे होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 28 जून को शाम 7 बजे से संपन्न होगा। वहीं महिला लीग की शुरुआत 12 जून को डबल-हेडर मुकाबलों के साथ होगी। पिछले सीज़न की उपविजेता मुर्शिदाबाद कुइन्स सुबह 9 बजे हार्बर डायमंड्स से भिड़ेगी। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे गत विजेता लक्स श्याम कोलकाता टाइगर्स का मुकाबला सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स से होगा।

## फ्रेंच ओपन 2025: स्वियातेक चौथे राउंड में पहुंचीं, राइबाकिना और पाओलिनी ने भी किया शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी**

**पेरिस।** मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन 2025 के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। पोलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने रोमानिया की जैक्लेलिन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। छठे दिन पेरिस की गर्मी ने खिलाड़ियों की परीक्षा जरूर ली, लेकिन स्वियातेक ने पहले सेट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो ब्रेक की मदद से 6-2 से जीत हासिल की। उन्होंने इस सेट के बाद खुद को बर्फीले टॉवल से ठंडक पहुंचाई और पूरी तरह से तैयार दिखीं।दूसरे सेट में क्रिस्टियन ने बेहतरीन टक्कर दी और 4-4 की बराबरी तक मैच को ले गईं। कोर्ट सुसान लैंग्लेन पर खेला गया यह मुकाबला दोनों खिलाड़ियों के दमदार शॉट्स से भरपूर रहा। स्वियातेक ने 12वें गेम में तीन ड्यूस के बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए सेट और मैच दोनों अपने नाम किया।स्वियातेक ने कहा, मैं खुश हूं कि आखिरी गेम में मैं बेहद सॉलिड रही और कोई फ्री पॉइंट नहीं दिया। यह एक शानदार मुकाबला था और हम दोनों ने अच्छा खेल दिखाया।

**राइबाकिना की दमदार जीत**

कजाखस्तान की 12वीं वरीय



एलेना राइबाकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-2 से हराया। क्ले कोर्ट पर राइबाकिना की यह जीत उनके बेहतरीन फॉर्म का संकेत है। उन्होंने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ मुकाबला समाप्त कर दिया।

**पाओलिनी ने सीधे सेटों में मारी बाजी**

इटली की चौथी वरीय जैस्मिन पाओलिनी ने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुब्त्सेवा को आसानी से सीधे सेटों में हराया। पिछले साल की फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट पाओलिनी अपने अगले मुकाबले में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना या अमेरिका की बर्नाडा पेरा से भिड़ेंगी।

## भरत अरुण श्रीलंका में चलाएंगे तेज गेंदबाजों के लिए दो हफ्ते का स्पेशल कोचिंग कैंप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण अब श्रीलंका के शीर्ष क्रिकेटरों को ट्रेनिंग देने वाले भारतीय कोचों की श्रृंखला में नया नाम बन गए हैं। वे 2 जून से शुरू होने वाले 14 दिन के विशेष कोचिंग प्रोग्राम का संचालन करेंगे, जिसका उद्देश्य श्रीलंका के जूनियर और सीनियर स्क्वॉड्स के तेज गेंदबाजों के स्तर को ऊंचा उठाना है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि यह प्रोग्राम हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित किया जाएगा और इसका नेतृत्व भरत अरुण करेंगे, जो 2014 से 2021 तक भारतीय पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं। इससे पहले मई में भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने श्रीलंका में 10



दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया था। वहीं पिछले साल राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर जुबिन भरूचा ने भी श्रीलंका में एक शॉर्ट बैटिंग कोचिंग प्रोग्राम का संचालन किया था। ये सभी पहल सनथ जयसूर्या के मुख्य कोच कार्यकाल के दौरान हुई हैं। एसएलसी के मुताबिक भरत अरुण, श्रीलंका की राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीम, महिला 'ए' टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, और हाई परफॉर्मेंस सेंटर के कोचों, क्लब व प्रांतीय कोचों, और कोच-एजुकेटर्स के साथ काम करेंगे। वे रेड-बॉल और व्हाइट-बॉल पुरुष टीमों के साथ अलग-अलग रणनीतिक सेशन, तेज गेंदबाजों के लिए तकनीकी और कौशल आधारित ट्रेनिंग, वीडियो व प्रदर्शन विश्लेषण सत्र, और मैच सिचुएशन आधारित गेम समझ विकसित करने वाली गतिविधियाँ संचालित करेंगे। फिलहाल श्रीलंका पुरुष टीम का इंटरनेशनल शेड्यूल बेहद हल्का है। अगले मई तक उन्हें केवल दो टेस्ट मैच खेलने हैं और वे इस साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप: कड़े मुकाबले में ट्रांस टाइटंस की पहली जीत

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड लीग के चौथे दिन दोपहर 3:30 से शुरू हुआ दिन का पहला मुकाबला काफी धमाकेदार रहा। इस हाइ स्कोरिंग मुकाबले में ट्रांस टाइटंस ने यूरोपियन ग्लेडिएटर्स के खिलाफ 204 रनों का पीछा करते हुए अंतिम गेंद में 4 विकेट से जीत दर्ज की।टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी यूरोपियन ग्लेडिएटर्स ने शुरुआत तो सधी हुई की लेकिन राघव धवन (15) और अमित पौनीकर (29) के आउट होने के बाद टीम ने प्रवीण गुप्ता (4) और हिमांशु चावला (6) के रूप में जल्द ही दो और विकेट गंवा दिए। लेकिन फिर बल्लेबाजी करने आए गौरव धीमान (56) और आदिल रेशी के 31 गेंदों में नाबाद 64 रनों ने टीम को मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। अंत में अनुरीत सिंह ने 5 गेंदों में 22 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। टीम की ओर से अबु नीशम एक मात्र गेंदबाज रहे जिन्होंने सभी 4 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रांस टाइटंस शुरू से ही आक्रामक दिखी। शुरुआत करने उतरे पूर्व धाकड़ बल्लेबाज जैसी राइडर (17) और कप्तान ऋषि धवन ने 14 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। जिसके बाद प्रतीक अठावले के 38 गेंद में 62 और पीनल शाह के 36 गेंदों में 62 रनों ने टीम को जीत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया। हालांकि अबु नीशम ने एक ही ओवर में 3 विकेट झटककर ग्लेडिएटर्स को एक बार फिर वापसी कराने की कोशिश की।

## प्रज्ञान ओझा बने 'द लेजेनज़ी टी 10' के लीग कमिश्नर

**एजेंसी**

**जयपुर।** जयपुर में 25 जून से शुरू हो रही टेनिस बॉल क्रिकेट लीग 'द लेजेनज़ी टी 10' के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा को कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 24 टेस्ट, 18 वनडे और 6 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके प्रज्ञान लीग के संचालन की देखरेख और इस नए तरह की प्रतियोगिता की सफलता व विकास को सुनिश्चित करेंगे। द लेजेनज़ी टी 10 का विज़न भारत के स्ट्रीट क्रिकेटर्स को मंच प्रदान करना है। 'गली से टीवी तक' के नारे पर केंद्रित यह लीग जुनून को पहचान में बदलने का अवसर देती है। लीग के बारे में बात करते हुए लीग कमिश्नर प्रज्ञान ओझा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, द लेजेनज़ी टी10 का हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह ऐसा मंच है जो ग्रासरूट क्रिकेट को बड़ी पहचान से जोड़ता है। मैं भी ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ काम करने और कुछ खास बनाने को लेकर बहुत उत्सुक हूं।द लेजेनज़ी टी 10 के



चेयरमैन वेंकटेश प्रसाद ने कहा, हमने अपने स्थानीय पार्कों और गलियों में बहुत सारी असाधारण प्रतिभाएं देखी हैं। द लेजेनज़ी टी 10 का मंच ऐसी ही युवा प्रतिभाओं के लिए है, जिनमें अद्भुत कौशल और प्रदर्शन की भूख है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो टेनिस बॉल क्रिकेट को हमेशा के लिए बदल कर रख देगा।÷ लीग में चार चांद लगाने के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इरफान पठान भी इससे जुड़े रहेंगे, जो न ही सिर्फ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे, बल्कि मैदान पर उनके साथ खेलते भी नजर आएंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना 6 गेंदों का वीडियो और नामांकन शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले हर खिलाड़ी को द लेजेनज़ी टी10 क्रिकेट बैट स्मृति चिन्ह के रूप में दिया जाएगा। इनमें से शीर्ष 5,000 खिलाड़ियों को चयनित करके उन्हें सिल्वर टिकट दिया जाएगा, जिससे वे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और इंदौर में आयोजित होने वाले ट्रायल्स में भाग ले सकेंगे। इन खिलाड़ियों को एक साल की ऑनलाइन क्रिकेट ट्रेनिंग मॉड्यूल तक विशेष पहुंच भी दी जाएगी। ट्रायल्स से चुने गए सर्वश्रेष्ठ 150 खिलाड़ियों को गोल्डन टिकट मिलेगा, जिनमें से 72 खिलाड़ी ऑक्शन के माध्यम से डायमंड टिकट प्राप्त करेंगे और द लेजेनज़ी टी10 लीग में खेलेंगे। बाकी 78 खिलाड़ी गोल्डन टिकट बनाए रखेंगे और अगले सीज़न में सीधे खेलने का मौका पाएंगे।

## एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप: पारुल ने बनाया नेशनल रिकॉर्ड, पूजा और गुलवीर ने दिलाया स्वर्ण

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए दिन ऐतिहासिक रहा। पारुल चौधरी ने 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत जीता। युवा हाई जम्पर पूजा और लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने स्वर्ण जीतकर भारत का परचम लहराया।

**नेशनल रिकॉर्ड के साथ पारुल को रजत पदक**

भारतीय धाविका पारुल चौधरी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में 9:12.46 मिनट का समय लेकर रजत पदक जीता। यह प्रदर्शन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा और इसी के साथ उन्होंने 2025 दोहा डायमंड लीग में बनाया गया अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (9:13.39) तोड़ दिया।

## आईपीएल 2025 में गुजरात का सफर समाप्त, मुंबई ने 20 रन से हराया

**एजेंसी**

**न्यू चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को 20 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली टीम क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है। अब उसका सामना एक जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से होगा। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में गुजरात निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर सिर्फ 208 रन बना पाई और यह मुकाबला 20 रन से हार गई। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाए। लक्ष्य पीछा करने उतरी गुजरात टीम की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। कप्तान शुभमन गिल सिर्फ एक रन बना पाए। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद क्रीज पर आए कुसल मेंडिस हिट विकेट होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ 34 गेंदों में 64 रनों की साझेदारी निभाई। इसमें मेंडिस का 20 रनों का योगदान रहा। फिर सुदर्शन को वाशिंगटन सुंदर का साथ मिला। दोनों के बीच 44 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी हुई। सुंदर ने 48 और सुदर्शन ने 80 रन बनाए। वहीं, रदरफोर्ड ने 24, शाहरुख खान ने 13 रन बनाए। राहुल तेवतिया 16 और राशिद खान खाता खोले बिना नाबाद रहे। मुंबई इंडियंस के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सैंटनर और अश्विनी कुमार ने एक-एक विकेट झटके। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रोहित को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े। इस दौरान सूर्यकुमार ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे।इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए। अब उनके नाम 302* छक्के दर्ज हो गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है।

## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की मजबूत शुरुआत, करुण नायर ने ठोका नाबाद शतक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ए के अनुभवी बल्लेबाज़ करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन नाबाद शतक जड़कर इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पेश की है। नायर ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज़ में बल्लेबाज़ी की और दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद रहे।

**जल्दी गिरे विकेट, नायर ने संभाली कमान**

मैच की शुरुआत में ही भारत ए को बड़ा झटका तब लगा जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज़ 8 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद छठे ओवर में बल्लेबाज़ी के लिए उतरे नायर ने शुरुआत में ही एक बाउंड्री लगाकर अपने इरादे साफ कर दिए। यशस्वी जायसवाल ने कुछ देर साथ निभाया और एक शानदार छक्का भी जड़ा, लेकिन वह 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**सरफराज के साथ 181 रनों की साझेदारी**

इसके बाद करुण नायर को सरफराज खान का साथ मिला और दोनों ने मिलकर इंग्लैंड लायंस के गेंदबाज़ों पर दबाव बनाना शुरू किया। दोनों बल्लेबाज़ों ने तेज़ी से रन बनाए और स्कोरबोर्ड को



लगातार आगे बढ़ाते रहे। जब दोनों खिलाड़ी 90 के करीब थे, तभी लायंस को सफलता मिली और सरफराज 92 रन पर आउट हो गए। उनकी और नायर की साझेदारी 181 रनों की रही।

**जुरेल के साथ एक और बड़ी साझेदारी**

सरफराज के आउट होने के बाद करुण नायर ने विकेटकीपर बल्लेबाज़ ध्रुव जुरेल के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अगले 34 ओवरों तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और लायंस की गेंदबाज़ी की कमर तोड़ दी। आईपीएल के बाद कम समय में ही मैदान में उतरे इन दोनों बल्लेबाज़ों ने थकान को दरकिनार कर ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी की।

**नायर 186 और जुरेल 82 रन पर नाबाद**

करुण नायर और ध्रुव जुरेल के बीच 177 रनों की नाबाद साझेदारी हुई और भारत ए ने दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 409 रन बना लिए। नायर 186 रन पर नाबाद हैं और अब वह अपने दोहरे शतक के बेहद करीब हैं। वहीं जुरेल ने भी 82 रनों की नाबाद पारी खेली। दिन का खेल खत्म होना पर भारत ए ने 3 विकेट पर 409 रन बना लिए हैं।



# अनन्या पांडे

## के भाई का बॉलीवुड डेब्यू, साथ में दिखेगी ये खूबसूरत एक्ट्रेस, फिल्म का टीजर आ गया




अपने चाचा चंकी पांडे और कजन अनन्या पांडे की राह पर चलते हुए अहान पांडे भी बॉलीवुड में एंट्री कर रहे हैं. वो एक रोमांटिक-म्यूजिकल फिल्म के साथ शुरुआत कर रहे हैं. फिल्म का निर्माण देश के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस में से एक YRF ने किया है. पिक्चर का नाम है 'सैयारा'. 30 मई को मेकर्स ने एक टीजर वीडियो जारी करके फिल्म की झलक भी दिखा दी है. इस फिल्म में अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा नजर आने वाली हैं. बतौर लीड ये उनकी पहली फिल्म है. टीजर वीडियो की शुरुआत अनीत पड्डा की खूबसूरत आवाज से होती है. वो कहती हैं, मुझे तसल्ली दे दो जो, वो शब्द उधारा ढूंढ रहा है, एक सितार ढूंढ रहा है, दिल सैयारा ढूंढ रहा है.

**यहां देखें अहान पंडे की पहली फिल्म का टीजर**

टीजर में आगे अहान की झलक दिखाई जाती है. वो बाइक पर एंट्री करते हैं. आगे वो हाथ में गीटार लिए कहीं परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं. वो काफी डैशिंग लग रहे हैं. उनके साथ अनीत पड्डा की केमिस्ट्री भी दिखाई जाती है. दोनों की जोड़ी काफी खूबसूरत लग रही है.

अनीत आगे सैयारा का मतलब बताती हैं. वो कहती हैं, सैयारा मतलब तारों में एक तन्हा तारा, खुद जलके जो रौशन करदे जगिया सारा, वो आवारा ढूंढ रहा है, दिल सैयारा ढूंढ रहा है. एक तरफ जहां इस फिल्म को ङ्घत्रस्न ने बनाया है, तो वहीं इसकी एक और खास बात ये है कि इसे डायरेक्ट मोहित सुरी ने किया है, जो पहले 'आशिकी 2', 'एक विलेन' और 'राज' जैसी फिल्में बना चुके हैं.

**कब रिलीज होगी 'सैयारा'?**

'सैयारा' के टीजर में आपको मोहित सुरी की झलक साफ दिखेगी और एक पल के लिए ऐसा भी लगेगा कि ये फिल्म 'आशिकी 2' जैसा ही कुछ है. 18 जुलाई को ये पिक्चर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इस टीजर को तो लोग पसंद कर रहे हैं. अब देखना होगा कि अहान इस फिल्म के जरिए कैसा कमाल दिखाते हैं. अहान चंकी पांडे के छोटे भाई चिक्की पांडे के बेटे हैं.

शोले के सेट पर

# हेमा मालिनी

## संग ऐसे टाइम बिताते थे धर्मेंद्र, लाइटमैन को गलती करने के लिए देते थे पैसे



बॉलीवुड के 'हीमैन' यानी कि धर्मेंद्र और 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी की जोड़ी रील लाइफ और रियल लाइफ दोनों ही जगह काफी पसंद की गई. दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया था और इस दौरान दोनों एक दूसरे पर दिल हार बैठे. प्यार का रिश्ता साल 1980 में शादी तक पहुंच गया और आज उस बात को 45 साल बीत चुके हैं. धर्मेंद्र और हेमा ने साथ में 10-20 या 30 नहीं बल्कि 35 फिल्मों में काम किया और फिल्म दर फिल्म उनका प्यार परवान चढ़ते गया.

धर्मेंद्र और हेमा की कई फिल्मों ने बड़े पर्दे पर फैंस का दिल जीता. हालांकि दोनों की सबसे पसंदीदा फिल्म रही 'शोले'. ये भारतीय सिनेमा के इतिहास की भी सबसे कामयाब पिक्चर में से एक है. इसकी शूटिंग के दौरान धर्मेंद्र जान बूझकर उन सीन में देरी करते थे जिनमें उन्हें हेमा के साथ होना होता था. इसके लिए उन्होंने लाइटमैन को भी पटा रखा था. धर्मेंद्र ने लाइटमैन को गलतियां करने के लिए कहा था जिससे कि वो हेमा के साथ ज्यादा वक्त बिता सकें.



**गलतियां करने के लिए लाइटमैन को देते थे पैसे**

शोले 1975 में रिलीज हुई थी. इसमें धर्मेंद्र ने वीरू और हेमा ने बसंती नाम का किरदार निभाया था. दोनों की जोड़ी काफी पसंद की गई. इस ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर पिक्चर का हिस्सा अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, अमजद खान, संजीव कुमार, सचिन पिलगांवकर, सत्येंद्र कपूर और ए के हंगल जैसे कलाकार भी थे.

शोले के सेट पर ही धर्मेंद्र और हेमा का प्यार परवान चढ़ा था. जब धर्मेंद्र और हेमा का साथ में कोई सीन होता था तो धर्मेंद्र लाइटमैन को गलतियां करने के लिए कहते थे. ऐसे में सीन बिगड़ जाता और उसे वापस से करना पड़ता था. ये धर्मेंद्र का हेमा के पास ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताने का तरीका था. लेकिन बदले में वो लाइटमैन की जेब भी भरते थे.

**दो बेटियों के पैरेंट्स हैं धर्मेंद्र-हेमा**

धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे. उनकी शादी 1954 में प्रकाश कौर से हो गई थी. दोनों के चार बच्चे दो बेटे और दो बेटियां भी थीं. हालांकि फिर भी धर्मेंद्र और हेमा को एक दूसरे से मुहब्बत हो गई. कई साल तक अफेयर चला और फिर 1980 में हेमा मालिनी, धर्मेंद्र की दूसरी दुल्हन बन गई. शादी के बाद दोनों के घर दो बेटियां ईशा देओल और अहाना देओल हुईं.

## 'दिल मिल गए' की डॉ रिद्धिमा बन छा गई थी ये एक्ट्रेस, जानें आज कल क्या कर रहीं हैं?



'दिल मिल गए' लगभग 3 साल स्टार वन चैनल पर चला था और इसमें अरमान-रिद्धिमा की जोड़ी फेमस हो गई थी. ये सीरियल डॉक्टर्स की लाइफ पर बेस्ड था जिसमें डॉ अरमान मलिक और डॉ रिद्धिमा गुप्ता की लव स्टोरी खासतौर पर दिखाई गई. पहले तो रिद्धिमा का रोल शिल्पा शिवानंद ने निभाया था, लेकिन बाद में ये रोल जेनिफर विंगेट ने निभाया था.जेनिफर विंगेट का ये सुपरहिट सीरियल था, हालांकि इसके अलावा भी उन्होंने कई हिट सीरियल में काम किया है. 30 मई 1985 को मुंबई में जन्मीं जेनिफर आज अपना 40वां बर्थडे मना रही हैं. इस मौके पर आइए उनके करियर पर एक नजर डालते हैं और आजकल जेनिफर क्या कर रही हैं, ये भी बताते हैं.

**जेनिफर विंगेट का एक्टिंग करियर**

जेनिफर विंगेट ने 1995 में रिलीज हुई आमिर खान और मनीषा कोईराला की फिल्म अकेले हम अकेले तुम से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी. इसके बाद उन्होंने रानी मुखर्जी की डेब्यू फिल्म राजा की आएगी बारात (1997) में स्कूल किड का रोल प्ले किया था. 18 साल की उम्र में जेनिफर अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय की फिल्म कुछ ना कहो (2003) में भी अहम किरदारों में नजर आई थीं.

टीवी पर जेनिफर ने पहला सीरियल 'शाका लाका बूम-बूम' किया था और दूसरा सीरियल 'कसौटी जिंदगी की' था. ये दोनों ही सीरियल स्टार प्लस के सुपरहिट शोज थे. 2009 में जेनिफर विंगेट ने 'दिल मिल गए' ज्वाइन किया था और आखिर तक वो इस शो का हिस्सा रहीं. इसके बाद जेनिफर ने 'बेपनाह', 'सरस्वतीचंद्रा', 'बेहद', 'संगम' जैसे टीवी सीरियल किये जो हिट रहे.

**आजकल क्या कर रही हैं जेनिफर विंगेट ?**

'दिल मिल गए' करने के दौरान ही जेनिफर का अफेयर उस शो में डॉ अरमान मलिक का रोल प्ले करने वाले करण सिंह ग्रोवर के साथ शुरू हुआ था. 2012 में जेनिफर और करण ने शादी कर ली थी लेकिन 2014 में जेनिफर ने करण से तलाक ले लिया था. करण ने बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु से 2016 में शादी कर ली थी जबकि जेनिफर अभी भी सिंगल लाइफ जी रही हैं. फिल्मों और टेलीविजन के अलावा उन्होंने ओटीटी पर भी काम शुरू कर दिया है.

## तुम एक्ट्रेस नहीं बन सकती, जिस हीरोइन को डायरेक्टर ने कही थी ये बात, उसने बॉलीवुड के 5-5 कपूर संग किया काम



बॉलीवुड में हमेशा से ही देखा जाता रहा है कि कभी सेलेब्स को लुक्स तो कभी रंगत के चलते डायरेक्टर-प्रोड्यूसर रिजेक्ट कर देते हैं. लेकिन, ऐसे कई सेलेब्स हैं जिन्हें फिल्ममकेर्स ने कम आंका और बाद में वो फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन गए. दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी को भी छोटी उम्र में एक डायरेक्टर ने अपनी फिल्म से बाहर कर दिया था.हेमा मालिनी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. बॉलीवुड में सालों तक राज करने वाली हेमा अब भाजपा की सांसद हैं. 16 अक्टूबर 1948 को तमिलनाडु के तिरुच्चिराप्पल्ली में जन्मी हेमा ने महज 14 साल की छोटी सी उम्र में तमिल फिल्म 'इंधु साथियम' में छोटी सी भूमिका के जरिए अपनी शुरुआत कर दी थी.

**फिल्म से निकाल दिया था**

14 साल की उम्र में हेमा मालिनी काफी दुबली पतली हुआ करती थी और ऐसे में उन्हें एक डायरेक्टर ने अपनी फिल्म से निकाल दिया था. तमिल डायरेक्टर सीवी श्रीधर ने हेमा को अपनी एक फिल्म के लिए कास्ट किया था. लेकिन, बाद मे उन्होंने ये कहते हुए एक्ट्रेस को बाहर कर दिया कि तुम बहुत दुबली-पतली हो और एक्ट्रेस नहीं बन सकती. बताया जाता है कि फिल्म से बाहर होने के बाद हेमा डिप्रेशन में चली गई थीं. हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी.

**बड़े नाम के साथ किया काम**

बॉलीवुड में आने से पहले हेमा मालिनी ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कई छोटे मोटे किरदार निभाए थे. हिंदी सिनेमा में उनकी शुरुआत 1968 की फिल्म 'सपनों का सौदागर' से हुई थी. इस पिक्चर में उन्होंने दिग्गज एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर के साथ काम किया था.

हेमा को अपनी फिल्म में लेने के दौरान ही राज कपूर ने ये साफ कह दिया था कि ये लड़की एक दिन बहुत आगे जाएगी.बॉलीवुड में हेमा को अपने करियर की शुरुआत में ही राज कपूर जैसी दिग्गज शख्सियत के साथ काम करने का मौका मिल गया था. इसके बाद हेमा ने अपने लंबे और सफल करियर में राज कपूर के परिवार के शम्मी कपूर, शशि कपूर, रणधीर कपूर और ऋषि पूर के साथ भी फिल्में कीं. वहीं कई दिग्गज एक्टर्स संग भी स्क्रीन शेयर की और 'ड्रीम गर्ल' कहलाई.

## पीलीभीत: पैसे लिए मगर नहीं किया दाखिल खारिज...उल्टा फोन पर लेखपाल ने दी धमकी

**पीलीभीत,।** तूने मरी शिकायत की। मेरी नौकरी खत्म कर दी। मैं तुझे किसी भी कीमत पर छोड़ूंगी नहीं....कुछ इस तरह के शब्दों में आरोप है कि शिकायत से गुस्साए लेखपाल ने शिकायकर्ता को कॉल कर धमकाया। अब कॉल रिकार्डिंग के साथ एसडीएम के समक्ष पेश होकर एक व्यक्ति ने शिकायत की है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सियाबाड़ी पट्टी के रहने वाले उमेंद्र कुमार पुत्र परशुराम ने शनिवार को एसडीएम से की गई शिकायत में बताया कि तीन जनवरी को ग्राम ललौरी में उसने एक बीघा जगह खरीदी थी। इसके दाखिल खारिज की तिथि 12 मार्च 2025 थी। उक्त जमीन के दाखिल खाारिज के संबंध में लेखपाल ने कॉल कर तहसील बुलाया। फिर दो हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने एक हजार रुपये पास में होने की बात कहकर आग्रह किया लेकिन नहीं माना। कह दिया कि ये सब्जी मंडी की दुकान नहीं है। दो हजार दिए बिना काम नहीं होगा।

इस पर एक हजार मौके पर और बाद में एक हजार रुपये घर जाकर दिए। मगर इसके बाद भी दाखिल खारिज नहीं हुआ। इस संबंध में जब बात की तो टालमटोल की जाती रही। शिकायतकर्ता का कहना है कि उनके पास रुपये मांगने की ऑडियो भी है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई। इसी बात से नाराज होकर आरोप है कि 29 मई की सुबह 8:48 बजे उनके नंबर पर कॉल कर लेखपाल ने धमकाया। शिकायतकर्ता ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## लखीमपुर खीरी : मछली पकड़ने गए व्यक्ति की सुतिया नाले में डूबकर मौत

संपूर्णानगर कस्बा क्षेत्र निवासी एक ग्रामीण शुक्रवार को साथियों के साथ मछली पकड़ने के लिए हजारा थाना क्षेत्र के सुतिया नाले पर गया था। बताते हैं कि वहां पर मछली का शिकार करते समय वह डूब गया। मौके पर पहुंची वन विभाग व पुलिस की टीम ने लोगों की मदद से कई घंटे की तलाश के बाद उसका शव बरामद कर लिया।

गांव बसही कॉलोनी निवासी सुभाष भास्कर (40) पुत्र चोकट भास्कर शुक्रवार को मछली की तलाश में साथियों के साथ पीलीभीत जिले के थाना हजारा क्षेत्र के गांव राघवपुरी के सुतिया नाले पर गया था। वहां पर मछली मारते समय दलदल में फंसकर पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग संपूर्णानगर एवं थाना हजारा पुलिस चौकी के लोगों ने स्थानीय लोगों की मदद से सुभाष को काफी देर बाद नाले से निकाल सके, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक के परिवार में पत्नी सहित तीन अविवाहित बच्चे सबसे बड़ी लड़की सीमा लगभग 18 वर्ष एवं बड़ा बेटा विशाल लगभग 15 वर्ष तथा छोटा बेटा बीसू 12 वर्ष है। मृतक सुभाष दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

**बाजार बंदी बनी मौत की वजह**

30 तारीख को बसही बाजार में बंदी लागू होने के चलते मृतक सुभाष भास्कर अपने बड़े भाई चंद्रभान भास्कर व ग्रामीण राम सुमेर आदि के साथ मछली पकड़ने गया था। इस दौरान जाल लगाते समय सुभाष सुतिया नाले में डूब गया।

## निशुल्क ऋण आवेदन कैम्प लगाया गया



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत निशुल्क ऋण आवेदन कैम्प लगाया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और अपने ऋण आवेदन पत्र भरवाए। साथ ही उद्यम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी गई। शिविर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह ने पहुंचकर कैम्प की गतिविधियों का जायजा लिया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## रामपुर: दुकानदार से 22,500 के नोटो के हार ठगे...सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए ठग

**रामपुर।** कॉस्मेटिक की दुकान पर नोटो के हार बेच रहे दुकानदार को दो ठग 22500 रुपये के नोटो के हार लेकर फर्जी मोबाइल ऐप से ट्रांजक्शन दिखाकर फरार हो गए। दुकानदार ने बैलेंस चेक किया तो उसके खाते में रकम नही आई। तब दुकानदार को ठगे जाने का अहसास हुआ। दुकानदार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। सीसीटीवी कैमरों में ठग कैद हो गए हैं। शिनाख्त की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर मीरगंज निवासी जलीस अहमद की मैन चौराहे पर कॉस्मेटिक की दुकान हैं। शुक्रवार को स्विफ्ट कार से दो युवक आए और दुकानदार से 22500 रुपये के नोटों के हार पैक करने को कहा। जिस पर दुकानदार ने दोनों युवकों को हार पैक कर दिए। इसके बाद एक युवक ने दुकानदार के स्कैनर पर पैसे डाल दिए। युवक हार लेकर तेजी से गाड़ी में बैठकर निकल गए।

# संकट के समय एकजुट और मजबूत भारत का श्रेय संविधान को, प्रयागराज में बोले CJI गवई

**प्रयागराज।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि देश पर जब भी संकट आया उसने मजबूती और एकजुटता के साथ उसका सामना किया और इसका 'श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिएक्ष्। यहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 680 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर भवन और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवई ने कहा कि न्यायपालिका का मौलिक कर्तव्य देश के उस आखिरी नागरिक तक पहुंचना है जिसे न्याय की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विधायिका और कार्यपालिका का भी यही कर्तव्य है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जब भी संकट आया, भारत एकजुट और मजबूत रहा। इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भारतीय संविधान लागू होने की 75 वर्ष की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है। कई ऐसे कानून लाए गए जिसमें जमीदार से जमीन लेकर भूमिहीन व्यक्तियों को दी गई। उन्होंने कहा, समय समय पर इन कानूनों को चुनौती दी गई। 1973 से पहले उच्चतम न्यायालय का विचार था नीति निर्देशक सिद्धांत (डायरेक्टिव प्रिंसिपल) और मौलिक अधिकारों के बीच टकराव की स्थिति बनेगी तो मौलिक अधिकार ऊपर होगा।

गवई ने कहा, 1973 में 13 न्यायाधीशों का निर्णय आया कि संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार है और इसके लिए वह मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, लेकिन उसके पास संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करने का अधिकार नहीं है। प्रधान



न्यायाधीश ने कहा कि इस पीठ ने यह भी कहा था कि मौलिक अधिकार और नीति निर्देशक सिद्धांत दोनों ही संविधान की आत्मा हैं। ये दोनों संविधान के स्वर्ण रथ के दो पहिए हैं जिसमें से यदि एक पहिया रोको तो पूरा रथ रुक जाएगा। उन्होंने कहा, मैं हमेशा कहता रहा हूं कि बार और बेंच एक सिक्के के दो पहलू हैं। जब तक बार और बेंच साथ मिलकर काम नहीं करते तब तक न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते।

आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूरे देश के लिए एक अच्छा आदर्श दिया है जिसमें बार के लिए (परिसर निर्माण हेतु) न्यायाधीशों ने 12 बंगले खाली कर दिए और अपने वकील भाइयों की सुविधा का ध्यान रखा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रदेश और केंद्र की सरकार सतत प्रयासरत है।

इस दिशा में सात जनपदों में परिसर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है और इसके लिए 1700 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ने अधिवक्ता निधि की राशि 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी है और इसके पात्र अधिवक्ताओं की आयु सीमा भी 60 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी गयी है। इसके लिए भी 500 करोड़ रुपये की निधि दी गयी है। प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन में उच्च न्यायालय की भूमिका रेखांकित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन इतना सफल इसलिए हो सका क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने किसी परियोजना पर रोक नहीं लगाई।

उद्घाटन समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय भी मौजूद थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग में 3,835 वाहनों की पार्किंग क्षमता है और साथ ही 2,366 चैंबर बनाए गए हैं। इस 14 मंजिला भवन के भूमिगत तल और भूतल सहित पांच मंजिल पार्किंग के लिए आरक्षित हैं। वहीं छह मंजिल अधिवक्ताओं के चैंबर के लिए समर्पित हैं। इस भवन में 26 लिफ्ट, 28 एस्कलेटर और चार ट्रैवलेटर्स बनाए गए हैं।

## रामपुर: DM के आदेश पर आजम खान की पत्नी और बेटे के हथियार लाइसेंस निरस्त

**राष्ट्रीय शान**

रामपुर के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की पत्नी डॉ. तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम के 32 बोर रिवॉल्वर के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान की संस्तुति पर की गई है।

दोनों के खिलाफ दर्ज मुकदमों और कोर्ट से मिली सजाओं के आधार पर यह निर्णय लिया गया। डॉ. तजीन फातिमा पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं और अब्दुल्ला आजम पूर्व विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में दोनों जमानत पर हैं। कोर्ट ने अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाणपत्र वाले मामले में दोनों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। इसके अलावा अब्दुल्ला को मुरादाबाद के एक बवाल मामले में भी दोषी करार दिया जा चुका है।

**आजम खान परिवार के खिलाफ दर्ज हैं दर्जनों मुकदमें**

आजम खान और उनके परिवार पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आजम खान पर करीब 100



मुकदमे दर्ज हुए, जिनमें से 71 अभी भी कोर्ट में लंबित हैं। उन्हें अब तक 5 मामलों में सजा मिल चुकी है। तजीन फातिमा पर 44 और अब्दुल्ला आजम पर 45 मुकदमे विचाराधीन हैं।

**2022 में की गई थी सभी लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश**

साल 2022 में पुलिस ने आजम खान परिवार के सभी सदस्यों के शस्त्र लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की थी।डीएम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद तजीन और अब्दुल्ला के आपराधिक रिकॉर्ड का परीक्षण किया गया। इसके बाद दोनों के लाइसेंस रद्द करने का आदेश जारी किया गया।

**आजम खान का लाइसेंस पहले ही हो चुका है रद्द**

आजम खान का शस्त्र लाइसेंस पहले ही निरस्त किया जा चुका है। साल 2019 में प्रशासन ने उनके तीन लाइसेंस रद्द किए थे। हालांकि, इसके खिलाफ आजम खान ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जहां से उन्हें राहत मिली थी।

## शाहजहांपुर : पुलिस पर हमले में एक दोषी को आठ वर्ष का कारावास

**शाहजहांपुर, ।** थाना रोजा के मोहल्ला न्यू चर्च कॉलोनी निवासी मनोज कुमार शुक्ला को कोर्ट ने पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोप सिद्ध होने पर आठ वर्ष के कारावास की सजा और छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

दूसरे अभियुक्त थाना रोजा के गांव रजौआ निवासी ओमप्रकाश उर्फ मुल्ला मुकदमा विचारण के दौरान मौत हो गई।

अभियोजन के अनुसार थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा वर्ष 2016 में पुलिस टीम के साथ गश्त करते हुए खिरनी बाग चौराहे के पास पहुंचे, तभी सूचना मिली कि कुछ लोग काले रंग की गाड़ी में बैठकर पीलीभीत की ओर जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी तिराहे के पास बैरियर लगाकर गाड़ी को रोक लिया, तभी गाड़ी से उतरकर लोग भागे और पुलिस वालों पर फायर किए। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया, जिसमें एक ने अपना नाम मनोज कुमार शुक्ला और दूसरे ने अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ मुल्ला बताया। मनोज के पास से तमंचा, कारतूस और मुल्ला के पास से चाकू बरामद किया।

## बरेली : मदरसा संचालक ने शिक्षिका से की छेड़खानी, पीटकर पुलिस को सौंपा

**फतेहगंज पश्चिमी।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में मदरसा संचालक हाफिज ने कोचिंग पढ़ाने के बहाने जुमे के दिन टीचर को बुलाकर कमरे में अश्लील हरकत की। टीचर किसी तरह से संचालक की चंगुल से छूटकर अपनी इज्जत बचाई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी हाफिज की जमकर पिटाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

एक मदरसा के प्रबंधक ने शुक्रवार को एक महिला शिक्षक को कोचिंग पढ़ाने के बहाने से फोन कर बुला लिया। विश्वास कर अपने भाई के साथ वह मदरसे पर पहुंची। भाई बाहर छोड़कर चला गया। शिक्षिका जब अंदर पहुंची तो वहां कोई बच्चा नहीं था। प्रबंधक कमरे में ले जाकर बोला तुमको देखना है। फिर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। शिक्षिका ने किसी तरह भागकर इज्जत बचाई। शिक्षिका घर पहुंच कर दहशत में बेहोश हो गई। नाराज परिजन मदरसा पहुंचे और प्रबंधक की जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। परिजनों की तरफ से पुलिस को देर शाम तक कोई तहरीर नही दी गई है।

उधर, मदरसा संचालक का कहना है की अभी कुछ दिन पहले टीचर ने मदरसे मे पढ़ाना शुरू किया है, बच्चों को कोचिंग पढ़ाने के लिए उसे बुलाया था, लेकिन एक ही बच्चा था। इस बीच टीचर ने कहा उसकी तबीयत खराब हो रही है। उसने हाथ पकड़कर उसे टेबल पर बिठा दिया। पानी पीने को दिया। इसके बाद वह घर चली गई। घर से उसके भाई कई लोगों के साथ आ गए और उसके साथ मारपीट की। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, शिकायत पर मदरसा संचालक को बिठा लिया है, जांच की जा रही है।

## बहराइच: अराजक तत्वों ने खंडित की मंदिर में रखी प्रतिमा, भड़का जनाक्रोष




**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में कुछ अराजक तत्वों ने एक मंदिर में रखी मूर्ति को कथित तौर पर खंडित कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को रामगांव थाना क्षेत्र के खासा मोहम्मदपुर गांव में स्थित एक मंदिर में कुछ अराजक तत्वों ने प्रतिमा को खंडित कर दिया। उन्होंने बताया कि आक्रोशित ग्रामीण मंदिर के बाहर इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने खंडित प्रतिमा को सरयू नदी में विसर्जित कर दिया।

दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि वहां नयी मूर्ति स्थापित की जा रही है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। तिवारी ने बताया कि गांव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

एएसपी ने बताया कि इस घटना को लेकर कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर विरोध में उग्र प्रदर्शन का आान किया गया तो जिले में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। महसी के पुलिस क्षेत्राधिकारी डी. के. श्रीवास्तव ने एक बयान में कहा गया कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा लोगों की धार्मिक भावना को भड़काकर, उकसाकर 31 मई को उग्र प्रदर्शन करने के लिये सोशल मीडिया माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है, ऐसे असामाजिक तत्वों का पता लगाकर उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

### बंदियों के लिए ओपेन जिम का उद्घाटन वाराणसी साड़ी की बुनाई सीखेंगी जेल में निरूद्ध महिला बन्दी

**राष्ट्रीय शान**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आज दोपहर लगभग 12 बजे संयुक्त रूप से जिला कारागार पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरको में रह रहे कैदियो, बैग, बिस्तर, झोला आदि का सघन चेकिंग की गई। तत्पश्चात जेल में बन्दियो के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता व किचन में साफ सफाई व्यवस्था को भी देखा गया। बैरको के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कैदियो से वार्ता कर जेल में मिल रही सुविधाओ व उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में भी



जानकारी लेते हुए जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बैरक में लगी खिड़कियों में महीन जाली लगवाई जाए ताकि मच्छर आदि स बचाव हो सकें। बैरको में निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नही मिली। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जेल परिसर में नवनिर्मित ओपेन जिम का फीताकाटकर उद्घाटन कर निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला बैरक में निरूद्ध महिलाओ को स्वारोजगार से जोड़ने के दृष्टिगत जेल में रा मटेरियल आदि भेजकर बनारसी साड़ी बुनाई का प्रशिक्षण दिलाया जाए इसके लिए जिला कारागार हथकरघा लगवाने हेतु भूमि चिन्हित कर तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जेल के अन्दर कुल 748 बन्दी निरूद्ध है जिनमें 679 पुरूष 29 महिला एवं 40 किशोर बन्दी शामिल हैं।

## चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर ।** जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार शनिवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय एमनजई जलालनगर/आयुष्मान आरोग्य मन्दिर सेहरामऊ दक्षिणी के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम सेहरामऊ दक्षिणी स्थित बाबा कालसेन मन्दिर परिसर में किया गया। शिविर का शुभारंभ होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती कटोरी देवी एवं समाजसेवी श्री भरत सिंह सर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम



की गरिमा को बढ़ाया। शिविर की प्रभारी वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन कुमारी द्वारा कुल 163 रोगियों (जिसमें 86 महिलाएं एवं 77 पुरुष शामिल थे) को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। विशेष रूप से वर्तमान में पड़ रही तेज गर्मी के दृष्टिगत मौसमी रोगों लू लगना, अपच, सर दर्द, आदि से बचाव हेतु नागरिकों को सावधानियाँ एवं जीवनशैली सुधार संबंधी परामर्श भी प्रदान किए गए।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी भीषण आग दो बाइक जलकर हुई राख फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

**बस्ती ।** जनपद में कोतवाली थाना क्षेत्र के अस्पताल चौराहे पर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई आग की चपेट में पास खड़ी दो अन्य बाइकें भी आ गईं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी से पहले धुआं निकलना शुरू हुआ और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया । आपको बता दें कि घटनास्थल के पास स्थित एक दुकान को भी



आग से खतरा था दुकानदार के मुताबिक दुकान में लाखों का सामान रखा पड़ा था फिलहाल आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है । शॉर्ट सर्किट, बैटरी ओवरहीट या तकनीकी खराबी को संभावित कारण माना जा रहा है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है मगर दो वाहनों को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

## लखीमपुर खीरी: लड़की की रील गंदे कमेंट के साथ की वायरल

सदर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने एक युवक पर उसकी इंस्टाग्राम आईडी से वीडियो डाउनलोड कर अश्लील व आपत्तिजनक टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर वायरल करने और प्रधानमंत्री के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। थाना साइबर सेल पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक फार्म की रहने वाली युवती ने बताया कि एक इंस्टाग्राम आईडी से उसकी प्रोफाइल से कुछ वीडियो डाउनलोड कर लिए।

## बरेली : बीएल एग्रो से चेन्नई की कंपनी ने लिफ्ट लगाने के नाम पर 7.9 लाख ठगे

**राष्ट्रीय शान**

**बरेली।** परसाखेड़ा स्थित बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को चेन्नई की कंपनी ने लिफ्ट लगाने के नाम पर 7.90 लाख रुपये का चूना लगा दिया। मामले में उप महाप्रबंधक प्रेमबाबू की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमबाबू ने तहरीर में बताया कि उन्होंने बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के लिए चेन्नई स्थित मेसर्स ईएलजीआई एलेवेटर से 12 दिसंबर 2024 को दो लिफ्ट बुक कराई थीं। कंपनी को उन्होंने दोनों प्रोजेक्ट के लिए 7.90 लाख रुपये दिए थे। यह ऑर्डर बीएल एग्रो की बी-4 और जौहरपुर इकाइयों में लिफ्ट इंस्टॉलेशन के लिए था। आरोप है कि भुगतान लेने के बाद भी कंपनी ने तय समय पर माल नहीं भेजा। जबकि 27 मार्च को फर्जी बिल भेज दिया। ये ही नहीं कंपनी ने भेजे गए पत्र में कहा कि वह 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक लिफ्ट चालू कर देगी। लेकिन बाद में कंपनी ने संपर्क करना ही बंद कर दिया। बीएल एग्रो के परसाखेड़ा इकाई के उप महा प्रबंधक प्रेमबाबू ने बताया कि उनकी कंपनी में धर्मेंद्र मिश्रा सेल्स अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397